3. **मूल्यशिक्षा**–प्रशिक्षणार्थीभ्यः मूल्यशिक्षा अपि दातव्या। येन सः अधुनातनसमाजे शिक्षायाः मूल्यं ज्ञातुं तथा अध्यापकस्य वास्तविकमूल्यं परिशीलयितुं समर्थः भवति।

4. **अध्यापकशिक्षा अनिवार्यरूपेण भवेत् प्रशिक्षणविभागे**– अध्यापकशिक्षा प्रशिक्षणविभागे ऐच्छिकरूपेण वर्तते। परन्तु एषा शिक्षा अनिवार्यशिक्षारूपेण प्रदेया। येन सर्वेभ्यः प्रशिक्षणार्थीभ्यः जीवने अध्यापकशिक्षायाः प्रभावः पतिष्यति।

5. **प्रशिक्षणविभागमतिरिच्य अन्यविभागेषु अपि अध्यापकशिक्षा भवेत्**–यतः अध्यापकस्य स्थानं सर्वत्र वर्तते। शास्त्रादिभ्यः क्षेत्रेभ्य आरभ्य डॉक्टर-इंजीनियरक्षेत्रं यावदपि अध्यापकशिक्षा प्रदातव्या। अनेन तेषु अध्यापकस्य सुप्रवृत्तिः विकसिता भवति।

6. **प्रशिक्षणार्थीनां प्रवेशचयनं सम्यक् भवते्**–प्रशिक्षणार्थीनां प्रवेशपरीक्षात्रुटिमुक्ता भवेत् अपि च प्रवेशः गुणवत्ताधारेण भवेत्। येन प्रशिक्षणार्थिषु अध्यापकत्वं विराजितुं शक्यते।

7. **अध्यापकेभ्यः अनुसन्धासंबंधी कार्यशाला**–ईदानीन्तनशिक्षा-प्रणाल्यां प्रशिक्षणार्थिनां कृते कार्यशाला आयोज्यते। परन्तु कदाचित् परामर्शकाणां कृते अपि कार्यशाला आयोजयित्व्या। यद्वारा कथं शोधः करणीयः पुनः शोधस्य संक्षिप्तिकाविषये विविधतथ्यानां ज्ञानञ्च परामर्शकस्य कृते सुलभः भविष्यति।

8. **महिलाशिक्षा**–अध्यापकशिक्षायामन्तर्गतं महिलाशिक्षा भवेत्। अर्थात् महिलाशिक्षा न तु केवलं महिलानां कृते अपितु पुरुषेभ्यः प्रदातव्या। अनेन पुरुषप्रधानसमाजे महिलानां स्थानमध्यापिकात्वेन सशक्ता भविष्यतीति मे विश्वासः।

बदलते परिदृश्य में शिक्षानुसंधान के नूतन आयाम : आवश्यकता, संदर्भ एवं सुझाव

–प्रो. गोपीनाथ शर्मा, डॉ. प्रतिष्ठा

पूर्व संकाय प्रमुख, राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर

''उत्तम अध्यापकों की शिक्षा व्यावसायिक प्रशिक्षण की तुलना में बहुत कुछ रोचक, अधिक व्यापक और अधिक चुनौतीपूर्ण है, बल्कि इससे भी कहीं अधिक है।''[1] जैक्स

भारतीय शिक्षा आयोग (1964-66) ने शिक्षक के गुणात्मक विकास के लिए शिक्षकों की व्यावसायिक शिक्षा के एक निर्दोष ठोस, कार्यक्रम की संस्तुति की है। यदि स्वतंत्रोत्तर काल में शिक्षक शिक्षा की समीक्षा करें तो शिक्षक प्रशिक्षण देने तथा प्रशिक्षण की गुणवत्ता को प्रशिक्षण विद्यालयों एवं महाविद्यालयों की मात्र संख्या वृद्धि से ही आँका जा सकता है। गुणात्मक शिक्षक शिक्षा के प्रमुख मुद्दे प्रशिक्षणार्थियों के चयन मानकों, शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों के स्तर एवं कार्यक्रमों, शिक्षक शिक्षा के उद्दश्यों, पाठ्यचर्चा, शिक्षणाभ्यास सामग्री की उपलब्धता व उपयुक्तता, मूल्यांकन पद्धति, शिक्षकों में मूल्य एवं नैतिकता विकास, अन्तः प्रशिक्षुता एवं विभिन्न प्रकार के शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम हैं।

शिक्षक शिक्षा/प्रशिक्षण एक व्यावसायिक पाठ्यक्रम है। व्यावसायिक पाठ्यक्रम में प्रशिक्षणार्थी व्यावसायिक तैयारी का सघन अभ्यास करते हैं तभी व्यवसाय का उच्च स्तर स्थापित किया जा सकता हैं। तुलनात्मक रूप से शिक्षा में इसकी कमी अनुभव की जा रही है। शिक्षण व्यवसाय की जितनी कटु आलोचना आज होती है। वैसी पहले कभी नही सुनी गयी। साधारणतया आज के शिक्षकों की आलोचना इसलिए होती है कि

---

1. द एजूयूकेशन ऑफ गुड मैन, प. 159

वे भारत के प्राचीन शिक्षकों के मानकों का अनुसरण नहीं करते हैं। उस समय शिक्षक प्रतिलाभ की कामना किए बिना समर्पण की भावना से शिक्षण करता था। वर्तमान शिक्षक-शिक्षा की आलोचना के और भी अनेक कारण हैं। अतः इस संदर्भ में आवश्यक सुधार तथा क्रियान्विति की जरूरत है। इस चुनौति को स्वीकार करने के लिए बदलते परिदृश्य में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम को अधिक प्रभावी बनाने वाले अनुसंधानों की आवश्यकता है।

यद्यपि आज के युग को ज्ञान के युग या ज्ञान के विस्फोट का युग माना जा रहा है परन्तु यह ज्ञान गुणात्मक रूप से प्रभावी व उपयोगी है, एतदर्थ अनुसंधान किए जाने चाहिए। अनुसंधान तर्क एवं प्रयोगाश्रित होते हैं। यह तर्क अथवा प्रयोग निगमनपरक हो सकता है अथवा आगमनात्मक। दार्शनिक हो सकता हैं अथवा वैज्ञानिक। अनुभव जन्य हो सकता है अथवा चिन्तनात्मक।

शोध किसलिए? किसी संदर्भ के विभिन्न कारकों के मध्य सम्बन्ध, आवश्यकता, सम्यक उपयोग, उपयोगिता, समस्याओं का निदान व उपचार, निष्कर्ष निष्पादन अथवा सैद्धान्तिक अनुस्थापन के लिए शोध किए जाते हैं। "शोध का मुख्य उद्देश्य वैज्ञानिक विधियों द्वारा प्रश्नों का उत्तर अथवा विशिष्ट समस्याओं का समाधान प्राप्त करना है[2]।" सन् 1947 से लेकर आज तक सम्पन्न शोध अध्ययनों की सम्पन्नता का कारण प्रमुखतः शोधार्थियों के साथ शोध उपाधि जुड़ जाने अथवा उच्च शिक्षा में शिक्षक बनने की शर्त को पूरा करने अथवा पुस्तकालयी समृद्धि के लिए किया जाना प्रतीत होता है। राष्ट्रीय स्तर पर बनाए गए शिक्षा आयोगों तथा शिक्षा नीतियों की क्रियान्विति ही जब ईमानदारी से नहीं हो पायी, तब इन शोध अध्ययनों का इतना उद्देश्य पूरा हो जाना भी शायद पर्याप्त है।

शोध के लिए पारम्परिक विषयों का चयन आम बात है। अनेक शोधों में पुनरावृत्ति पायी जाती हैं। दो-तीन चरों को लेकर उनका

2. पारस नाथराय (2008) : अनुसंधान परिचय, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, आगरा, पृ. 20

पारम्परिक सम्बन्ध जाँचा जाना या तुलना करना भी बहु प्रचलन में है। ऐतिहासिक-दार्शनिक शोधों में भी निकाले जा रहे निष्कर्ष शिक्षा में स्तरोन्नयन के लिए कोई ठोस मार्गदर्शन नहीं करते हैं। प्राक्कल्पनाओं के सत्यापन करने या उसके सार्थक-असार्थक सत्यापित होने से भी कोई अभिप्राय नहीं निकलता है। मौलिक समस्याओं की खोज, निदान, उनका समाधान तथा समाधान के लिए किए प्रयासों के प्रभावों पर प्रायः शोध का अभाव है। यह तो निर्विवाद सत्य है कि शिक्षा के स्तर सुधार के लिए शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम की गुणवत्ता स्थापित की जानी चाहिए। अतः शिक्षक प्रशिक्षण के गुणात्मक सुधार के लिए नए सिरे से विचार कर शोध के नए आयामों पर ध्यान देना अपेक्षित है। आगामी अर्द्धशताब्दी के लिए शिक्षक प्रशिक्षण की गुणात्मकता स्थापन हेतु बनायी जाने वाली कार्य योजना में अनुसंधान के नए सदंर्भो पर चुनौती पूर्ण कतिपय नए आयाम प्रस्तावित हैं:-

(i) भूमण्डलीकरण एवं अध्यापक शिक्षा।

(ii) विविध उद्योग एवं अध्यापक शिक्षा।

(iii) तंत्र व्यवसाय तथा सामूहिक उपागम।

(iv) भविष्योन्मुखी अध्यापक शिक्षा।

(v) ई-अधिगम एवं अध्यापक शिक्षा।

(vi) शैक्षिक स्वायत्तता।

(vii) शिक्षा का निजीकरण ।

(viii) शिक्षा का औद्योगीकरण।

(ix) विश्वविद्यालयों की शिक्षावृद्धि की सार्थकता।

(x) शैक्षिक अनुदान।

(xi) विविध स्तरों पर पाठ्यचर्या आकल्प।

(xii) शैक्षिक संस्थानों के भवन।

(xiii) शिक्षा में सम-सत्र प्रणाली।

(xiv) शिक्षा आयोगों व शिक्षा नीतियों का योगदान।

(xv) अनुसंधानों का उपाधि एवं उपयोगिता की दृष्टि से मूल्यांकन।

(i) भूमण्डलीकरण एवं अध्यापक शिक्षाः-

अन्तरराष्ट्रिय स्तर पर सम्बन्ध स्थापित करने तथा एक दूसरे देश को सद्य उपयोगी लाभ प्रदान किए जाने की दृष्टि से इस संदर्भ पर विचार किया जाना चाहिए। माँग और आपूर्ति के इस युग में जब अभियांत्रिकी, प्रबन्धन तथा चिकित्सा क्षेत्र में आज विशेषज्ञों का एक दूसरे देश मे आना-जाना व कार्य करना होता है। अध्यापकों का भी भारत से अन्य देशों मे जाना होता है। देखा यह गया है कि भारतीय अध्यापक विदेशों में प्रायः कम ही जाते हैं। एन.सी.ई.आर.टी. या यू.जी.सी. योजनान्तर्गत जो आना-जाना होता है उसमें, दूसरे देशों से शिक्षा के प्रभावी संदर्भो का ही आयात होता हो, यह जरूरी नहीं। यो समसत्र प्रणाली, सूक्ष्म शिक्षण, खुली पुस्तिका मूल्यांकन प्रणाली, ब्लूम के अनुदेश आदि आयातित हैं, किन्तु भारतीय परिस्थितियों में ये सर्वथा उपयोगी व प्रासंगिक हैं, इन पर प्रभावी अनुसंधानों की आवश्यकता है।

(ii) विविध उद्योग एवं अध्यापक शिक्षाः-

आज किसी देश को अकेला कहना समीचीन नहीं है। अब विश्व एक गाँव का रूप ले चुका है। एक देश के हित दूसरे देश के हित से जुड़ गए हैं। विश्व में होने वाला उत्थान पतन अन्यत्र भी प्रभाव डालता है। अन्य देशों तथा भारत में सुस्थापित उद्योगों से होने वाले विकास का लाभ सभी को मिल रहा है। तब शिक्षा को विविध व्यावसायिक व औद्योगिक संस्थानों से जोड़ा जाना अपेक्षित है। उद्योग, संस्थान व उनके मालिक अपनी आवश्यकताएँ शिक्षा क्षेत्र को बताए। शिक्षा में धन की कमी है। अतः उद्योग संस्थान शिक्षा में अपने विषयों के लिए प्रयोग व अनुंसधान में सहयोग करें। शिक्षा में अनुसंधानों के क्रम में विकास की दृष्टि से यह भी आवश्यक है कि शिक्षा केवल मानसिक विकास ही

न करे, शारीरिक श्रम के प्रति भी आस्था उत्पन्न करे। न्यूसम रिपोर्ट 1963 के अनुसार शैक्षिक पाठ्यक्रम को विभिन्न उद्योग पर आधारित कर कार्य तथा अवकाश के सदुपयोग से जोड़ा जाना चाहिए। 'एज्यूकेशन इन स्कूल' सम्बन्धी ग्रीन प्रपत्र में उल्लेख किया गया है कि शिक्षा संसार (एज्यूकेशन वर्ल्ड) तथा व्यवसाय संसार (कैरियर वर्ल्ड) के मध्य रिक्तता आ गयी है। उन्हें इस बारे में कम पढ़ाया जाता है। अतः शिक्षा एवं उद्योग जगत में पारस्परिक संवाद व अनुसंधान की जरूरत है।

(iii) तंत्र व्यवस्था तथा सामूहिक उपागमः-

तंत्र व्यवस्था तथा सामूहिक उपागम (नेट वर्क एण्ड कलस्टर एप्रोच) आज एक प्रभावशाली व्यवस्था बन गयी है। जब तंत्र व्यवस्था से संसार के किसी भी स्थान से तत्काल सम्पर्क सम्भव है तब शैक्षिक अनुसंधानों में भी इसका प्रयोग होना चाहिए। इससे न केवल सम्पर्क ही बनेगें, वरन् अनुसंधानों का स्तर सुधरेगा, प्रयोग के अवसर बढ़ेगे तथा शिक्षा अनुसंधान की कठिनाइयाँ दूर होकर भावी विद्यार्थियों को अधिक लाभ मिल सकेगा। इस पर अनुसंधान सम्भाव्य हैं।

(iv) भविष्योन्मुखी अध्यापक शिक्षाः-

आज इस संदर्भ पर गम्भीरता से विचार की आवश्यकता है कि हम आज से 30-40 वर्ष बाद भारत का क्या स्वरूप देखना चाहते हैं? उस समय भारत का स्वरूप कैसा होगा? आवश्यकताएँ एवं समसयाएँ क्या होंगी? इन सब सदंर्भो के लिए आज किस प्रकार के शिक्षक बनाए जाने चाहिए? जनसंख्या के हिसाब से विद्यालय और महाविद्यालयों की उपलब्धता, प्रवेश के नूतन आयाम, शिक्षण की नई विधियाँ शिक्षक-शिक्षार्थी सम्बन्धों में बदलाव व मूल्यांकन के बदलते संदर्भ भविष्य की शिक्षा से जुड़े हैं। क्या लघु/अल्प कालिक पाठ्यक्रम विकसिक होंगे आदि भविष्योन्मुखी शिक्षा के अनुसंधान विषय हैं।

(v) ई-अधिगम एवं अध्यापक शिक्षाः-

वैश्वीकरण के इस युग में ज्ञान की असीम मात्रा में से कुछ

सीखना –सिखाना शिक्षा का एक नया क्षेत्र हैं। इण्टरनेट और वैब पर ज्ञान उपलब्ध है। और उसे कैसे सीखा जाए, यह शोध का विषय है।

(vi) शैक्षिक स्वायत्तता:-

एक धर्मनिरपेक्ष देश में शिक्षा में स्वायत्तता का विचार अग्रगामी सोच का परिणाम है। राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर शिक्षा का एक सा रूप सदैव प्रभावी रहता है, कहना शायद उचित नहीं है। देश में अनेक अच्छे स्वायत्त संस्थान हैं जिनकी उपलब्धि प्रशंसनीय है। इन संस्थानों में पाठ्यक्रम निर्माण से लेकर प्रमाण–पत्र या उपाधि प्रदान किए जाने तक की प्रक्रिया में स्वायत्तता है।/पाठ्यचर्या समसामयिक, उपयोगी व भविष्योन्मुखी हैं। आवश्यकतानुसार कभी भी परिवर्तन/परिवर्द्धन की स्वतंत्रता रहती है। ऐसे स्वायत्तशासी शिक्षण संस्थानों का विशिष्ट योगदान है। इंजीनियरिंग मे आई.आई.टी., प्रबन्धन में अहमदाबाद व पूना के संस्थान, बिट्स पिलानी, सामान्य शिक्षा में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली व शान्ति निकेतन आदि की उपलब्धियाँ प्रशंसनीय हैं। ये संस्थान विशिष्ट क्यों हैं? अन्य संस्थान इनके जैसा कार्य क्यों नही कर पाते हैं आदि शोध के विषय हैं।

(vii) शिक्षा का निजीकरण:-

भारत में आज देखने में आ रहा है कि राजकीय उपक्रमों की तुलना में निजी उपक्रमों के परिणाम अधिक विश्वनीय व प्रभावी हैं। सरकारी संस्थान में बना उत्पाद निजी संस्थान में बने उत्पाद की तुलना में निम्न स्तरीय क्यों होता है? शिक्षा के क्षेत्र में निजी विद्यालयों की सुविधाएँ, शिक्षण–प्रक्रिया, विद्यार्थी संख्या तथा परीक्षा परिणाम सरकारी विद्यालयों की तुलना में अधिक प्रभावी हैं। सरकारी विद्यालयों के शिक्षक का वेतन अधिक है, निजी विद्यालयों के शिक्षकों का कम। किन्तु परिणाम निजी विद्यालयों के श्रेष्ठ रहते हैं। यहाँ तक कि सरकार के महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत व्यक्ति भी अपने सरंक्ष्य को निजी विद्यालयों में अध्ययन कराना चाहते हैं।

(viii) शिक्षा का औद्योगिकरणः-

शिक्षा एक उद्योग बन गया हैं। बिना पढ़ा लिखा या अल्प पढ़ा लिखा व्यक्ति भी धन व सुविधा के आधार पर महत्वपूर्ण पाठ्यक्रमों वाले विद्यालयों/महाविद्यालयों का संचालन करते देखे गये हैं। विभिन्न पाठ्यक्रमों की मान्यता कहाँ से व कैसे प्राप्त होती हैं, यह प्रक्रिया वैसे ही अपनायी जाती है जैसे किसी उद्योग संचालन में अपनायी जाती है। कम प्रयत्न-अधिक उत्पाद, कम लागत- अधिक लाभ आज की शिक्षा के उत्पाद के आधार बन गए हैं। जैसे फैक्ट्रियाँ उत्पादन करती हैं, वैसे ही महाविद्यालय उपाधिधारी तैयार कर रहे हैं। यदि फैक्टरी के उत्पाद में कमजोरी है तो वहाँ उत्पाद के मूल्य की कमी करना सिद्धान्ततः स्वीकृत है। उसी प्रकार यदि बी.टेक तथा एम.बी.ए. जैसे महत्त्वपूर्ण पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा में मैरिट के बजाय न्यूनतम स्तर पर प्रवेश देना, वैसा ही है जैसा उद्योगों में होता है। बिना प्रवेश परीक्षा के आर्थिक सम्बल से पाठ्यक्रमों मे प्रवेश मिलना एक उद्योग की व्यवस्था की तरह है। क्या यह व्यवस्था समीचीन है? अनुसंधान आवश्यक हैं।

(ix) विश्वविद्यालयों की संख्यावृद्धि की सार्थकताः-

आज विदेशों की तर्ज पर सरकार निजी व डीम्ड विश्वविद्यालयों को मान्यता दिए चली जा रही है। तदनुरूप शिक्षक शिक्षा संस्थानों मे बेतहासा वृद्धि हो रही हैं। अकेले राजस्थान में ही लगभग 786 बी.एड शिक्षा संस्थान, 69 शिक्षाशास्त्री, 2 उच्च शिक्षा अध्ययन संस्थान तथा एक क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान संचालित हैं। प्राथमिक स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान भी चल रहे हैं। तीन स्तरों पर मानकों की जाँच होती हैं। एन.सी.टी.ई. के स्तर पर, राज्य सरकार के स्तर पर तथा विश्वविद्यालय स्तर पर। इस प्रकार प्राप्त मान्यता के बाद भी शिक्षक प्रशिक्षण प्रभावी न बन पाए तो अनुसंधान किया जाना अपेक्षित है। केवल राजस्थान में बी.एड. एवं शिक्षाशास्त्री महाविद्यालयों के संचालन के लिए 850 प्राचार्य तथा 6500 से अधिक योग्य शिक्षक प्रशिक्षकों की जरूरत हैं। पुस्तकालय, शिक्षण सामग्री, पर्याप्त भवन, मनोविज्ञान की स्तरीय प्रयोगशालाएँ,

कम्प्यूटर प्रयोगशालाएँ, तकनीकी संसाधन तथा इन संदर्भों में प्रतिवर्ष होने वाली अभिवृद्धि अनुसंधान का विषय बनती हैं।

(x) शैक्षिक अनुदानः-

अनेक शिक्षण प्रशिक्षण संस्थनों को सरकार की विविध योजनाओं के अन्तर्गत अनुदान प्राप्त होता हैं। कतिपय संस्थान के रूप में तो कुछ यू.जी.सी. की 12वीं धारा के अन्तर्गत अनुदान प्राप्त करते हैं। कतिपय संस्थान या तो विश्वविद्यालय या सम विश्वविद्यालयों के रूप में मान्यता प्राप्त हैं। एस.सी./ एस.टी. विद्यार्थियों को पृथक अनुदान प्राप्त होता हैं। टाडा-माडा योजना के अन्तर्गत समस्त विद्यार्थियों के प्रशिक्षण का सम्पूर्ण खर्च सरकार वहन करती है। इस अनुदान प्रदान पर निगरानी समितियाँ भी हैं। क्या इन सुविधाओं का सम्यक् उपयोग तथा उच्च स्तरीय शिक्षण की व्यवस्था हो पाती है। यह सब अनुसंधान का विषय हैं।

(xi) विविध स्तरों पर पाठ्यचर्या आकल्पः-

शिक्षक प्रशिक्षण के पाठ्यक्रम एवं पाठ्यचर्या पर होने वाले अनुसंधान या तो माध्यमिक स्तरीय विविध विषयों के पाठ्यक्रम/पाठ्यचर्या या विषयवस्तु पर आधारित होते हैं या शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यचर्या के किसी घटक पर वह भी दो विश्वविद्यालयों के संदर्भ में तुलना आधारित। एन.सी.टी.ई तथा एन.सी.ई.आर.टी. समय-समय पर पाठ्यचर्या रूपरेखा (करीक्यूलम फ्रेम वर्क) भी प्रस्तावित करते हैं। उनकी कितनी प्रासंगिकता हैं, उन्हें पाठ्यचर्या के अद्यतन करने में कैसे प्रयोग किया जाए, उनके प्रयोग के क्या लाभ होंगे? क्या ये पाठ्यचर्या प्रारूप भविष्योन्मुखी व गुणात्मक आधार पर निर्दोष हैं, आदि अनुसंधान मूलक संदर्भ हैं।

(xii) शैक्षिक संस्थानों के भवनः-

लगभग 35 वर्ष पूर्व शिक्षक प्रशिक्षण की मान्यता के लिए संस्थान का निजी अभ्यास विद्यालय अनिवार्य था। अब वह शर्त हट गयी है। विगत वर्ष से पूर्व किराये के भवन में भी प्रशिक्षण संस्थान चल सकता

था। प्रश्न हैं क्या शिक्षक प्रशिक्षण के लिए उचित भवन हैं? वह मानकों के अनुरूप हैं? आवश्यक कक्ष, हॉल, पुस्तकालय कक्ष, वाचनालय, विविध प्रयोगशालाएँ, कमरों का समुचित आकार, आवश्यक सुविधाएँ प्रशिक्षण संस्थान की मुख्य मार्ग से दूरी, पहुँच के साधन तथा सज्जित सुविधाएँ कैसी हैं? भवनों का रख-रखाव कैसा हैं? हो सकता हैं भवन पर्याप्त व सज्जित हो, किन्तु उस भवन में महाविद्यालय या उच्च माध्यमिक स्तरीय कक्षाएँ भी लगती हों। इससे शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों को पर्याप्त भवन पर्याप्त समय तक उपलब्ध होता है या नहीं, जैसे विषय अनुसंधान में लिए जा सकते हैं।

(xiii) शिक्षा में समसत्र प्रणालीः-

शिक्षा में मूल्यांकन हेतु ग्रेड प्रणाली पर अनेक अनुसंधान सम्पादित हुए हैं। किन्तु शिक्षक प्रशिक्षण की वार्षिक प्रणाली अधिक उपयुक्त है अथवा सम-सत्र प्रणाली? आज सम-सत्र प्रणाली अपनाए जाने पर बल है। परिवर्तन हो रहे हैं। परिवर्तन हो भी जाएँगे, किन्तु शिक्षक प्रशिक्षण में किस स्तर पर सम-सत्र प्रणाली प्रयोग की जाए, यह शिक्षण प्रशिक्षण के स्तर को किस प्रकार गुणात्मक रूप से प्रभावित करेंगी? पुराना सब कुछ व्यर्थ हैं, यह मानना औचित्य पूर्ण नहीं है। पुराने के अनुपयोगी व अप्रभावी सिद्ध करने के बाद ही नए को अपनाना बुद्धिमत्ता है।

(xiv) शिक्षा आयोगों व शिक्षा नीतियों का योगदानः-

आंग्ल काल से लेकर आज तक भारतीय शिक्षा के सुधार, समस्याओं के जानने, उनके समाधान तथा गुणात्मक विकास के लिए अनेकानेक शिक्षा नीतियाँ तथा शिक्षा आयोग बनाए गए। उन आयोगों तथा नीतियों ने संस्तुतियाँ की, किन्तु इनका क्रियान्वयन प्रभावी नहीं हो सका। यह कहना तो समीचीन नहीं है कि इन आयोगों तथा नीतियों का कोई लाभ नहीं मिला, किन्तु यह सही है कि जितने व्यापक प्रचार से ये नीतियाँ बनी जनता का धन व्यय हुआ उतना लाभ नहीं मिला। क्या नीति निर्माण में कमी रही क्या संस्तुतियाँ व सुझाव अनावश्यक रहे, क्या लागू करनें में इच्छा शक्ति की कमी रही या सरकारी रवैया इस सबके

लिए उत्तरदायी है? सन् 1968-69 व 1978-79 की शिक्षा नीतियाँ केवल अभिलेख बन कर रह गयीं। कतिपय संस्तुतियों के लागू होने के अलावा अधिकांश शिक्षा आयोग केवल दस्तावेज बनकर रह गए अथवा पुस्तकालयों की श्रीवृद्धि में सहायक बने यह सब अनुसंधान का विषय है।

(xv) सम्पन्न अनुसंधानों का मूल्यांकनः-

स्वतंत्रता के बाद के शिक्षक प्रशिक्षण/शिक्षक शिक्षा स्तर के सम्पादित अनुसंधानों के सार के प्रकाशन का कार्य सी.ए.एस.ई., बड़ौदा तथा एन.सी.ई.आर.टी., नई दिल्ली द्वारा किया गया है। सन् 2000 तक के शैक्षिक अनुसंधानों का सर्वेक्षण सम्पादित हो चुका है। अनुसंधान सर्वेक्षणों का प्रकाशन उक्त संस्थानों ने भली प्रकार सम्पादित किया है। बाद के अनुसंधानों के सदंर्भो को यू.जी.सी. न्यूज लेटर में अनवरत प्रकाशित किया जा रहा है। आवश्यकता यह है कि इन सभी आधार पर विभिन्न क्षेत्रों/विषयों में होने वाली पुनरावृत्ति कितनी है? विविध पंचवर्षीय योजनाओं में अनुसंधान की दिशा क्या रही हैं चुनौतिपूर्ण नये विषयों का चयन कितना है? अनुसंधानों में नवाचारों का प्रयोग कितना है? विश्वविद्यालयों का किस प्रकार के अनुसंधानों पर बल रहा है। अनुसंधानों का स्तर क्या रहा है? आदि शिक्षक प्रशिक्षण के क्षेत्र में किए जाने वाले अनुसंधान के विषय हो सकते हैं।

यदि वास्तव में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में गुणात्मक विकास करना है तो उक्त संदर्भों पर निष्पक्ष अनुसंधान की आवशकता है कतिपय संदर्भों पर कार्य करना दुष्कर है, तो कतिपय पर कार्य किया जाना कठिनाई पैदा करने वाला हो सकता है। एक ओर तो हम गुणात्मक सुधार की बात करें, दूसरी ओर वास्तविकता से पीछे हटें, यह उचित नहीं है। अच्छे निष्कर्षों के लिए अच्छे प्रयत्न करने होगें, शिक्षक प्रशिक्षण के स्तर में गिरावट के अनेक कारकों से सभी परिचित भी हैं। संगोष्ठियों में विचार मंथन भी होता हैं। बदलाव व सुधार की बात भी की जाती हैं, किन्तु न जाने क्यों शिक्षक शिक्षा की गाड़ी उसी पुराने रास्ते चलने लगती हैं।

अध्यापक शिक्षा में गुणवत्ता एवं प्रभाविता प्रबन्धन

–प्रो. चन्द्रहास शर्मा

पूर्व विभागाध्यक्ष, शिक्षाशास्त्र विभाग, श्री.ला.ब.शा.रा.सं. विद्यापीठ

अध्यापक शिक्षा का परिवर्तित परिदृश्य हर दृष्टि से चुनौतियों से परिपूर्ण कष्ट का कीर्ण मार्ग है। ये चुनौतियाँ हैं–1. व्यावसायिकता में मूल्यों का ह्रास, भ्रष्टाचार तथा सामाजिक परिवर्तन के साथ व्यक्ति का समायोजन न होने से उनके अन्दर व्याप्त असन्तोष, भग्नाशा और **मानवीय सम्बन्धों का अवमूल्यन।** अध्येता और अध्यापकों के परस्पर सम्बन्ध, प्रशासनिक स्तर पर फैला भाई भतीजावाद तथा राजकीय नीतियों में विसंगतियाँ, मूल्यांकन की विश्वसनीयता तथा सिद्धान्त और व्यवहार में सेतु का अभाव। तथा सिद्धान्त और व्यवहार में सेतु का अभाव।

भावी अध्यापक के व्यक्तित्व विकास के लिए आजकल Psychodynamic Theories को महत्वपूर्ण माना जा रहा है जिससे व्यक्ति में निरन्तर परिवर्तन और विकास होता रहे। उनमें Erilkson's stages of psychosocial Development तथा सिंगमंड फ़्राइड की Id, ego तथा Super ego के अन्त:क्रिया सिद्धान्त महत्वपूर्ण माने जाते है। सिद्धान्तानुसार Sex and aggression नामक दो आधारभूत Drives हमारे विचार और आचार को प्रभावित करते हैं। फ्राइड ने इसे Eros (love) i.e life instinct कहा है उसमें Sex मुख्य प्रेरक शक्ति है। Thanatos हमारी Death Instinct का द्योतक है जो aggresion (आक्रामकता) का द्योतक है। इन दो प्रवृत्तियों से ही मानव समाज नयी पीढी को जन्म देता है और बाधक शत्रुओं को मार्ग से हटाना चाहता है। फ्राइड के अनुसार किसी भी प्रकार के व्यक्तित्व निर्माण में मानसिकता का (Mind) का प्रमुख हाथ है। व्यकित के मस्तिष्क में निश्चित मात्रा में Libido अर्थात् Psychic energy

(मानसिक शक्ति) विद्यमान होती है। Id, ego and superego के Interaction से अधिकाधिक मात्रा में जितनी energy उत्पन्न होती है वही हमारे प्रौढ व्यक्तित्व (Adult personality) का निर्धारण करती है। यह सृजन और संहार एवं आक्रामकता की मात्रा आधारित व्यवहार हमारे क्रिया को दिशा देता है। भारतीय दृष्टि से व्यक्ति के अन्दर पशुत्व की अपेक्षा देवत्व एवं पूर्णत्व है। विवेकानन्द ने कहा था An Individual is potentially divine being.

शिक्षा का कार्य व्यक्ति को संस्कारित करना है वह शिक्षा नहीं विद्या से होता है। विद्या अनुभवों का आदान प्रदान है शिक्षा सूचनाओं का आदान-प्रदान है। अध्यापक-शिक्षा में मानव व्यवहार के मनोविज्ञान को आत्मसात् कराने वाली पाठयक्रमों के विविध अंगों को परिवर्तित परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिक बनाने की आवश्यकता है। इस संदर्भ में Erikson का Psychosocial Model विचारणीय है।

नर्सरी विद्यालयों में (3.5 वर्ष) बच्चों की अभिरूचि कुछ न कुछ नवीन (Explore) करने की है। वे अपने चारो ओर की वातावरण को अपने अधिकार में होने का हर प्रयत्न करने में लगे होते हैं। यदि अध्यापक उन्हें उसमें सफल होने का मार्ग-दर्शन कर सकता है तो वे सफल हो जाते हैं और उनमें उद्देश्य की प्राप्ति Sense of purpose के भाव का श्री गणेश होता है। उचित मार्ग दर्शन के अभाव में बच्चों में अपनी क्रियाओं में असफल होने पर हीनता की भावना (Inferiority feeling) घर कर सकती है। अध्यापक शिक्षा में शिक्षण संस्थानों का मुख्य कार्य भावी अध्यापक के रूप में ऐसे सबल और व्यवहार दक्ष व्यक्तियों का निर्माण करना है जो विद्यालय के छात्रों को अनुकरणीय हो सकें।

इसी प्रकार 6-12 वर्ष की अवस्था में बालक/बालिकाएँ विद्यालय में जाकर घर से भिन्न नये प्रकार के वातावरण में प्रविष्ट होकर कुछ नया करना चाहते है। उनकी सामाजिक और शैक्षिक आवश्यकताएँ पहले से भिन्न प्रकार की होती है उस परिवेश में वे अपने को जिस रूप में

समायोजित करने में सफल या असफल होते हैं उसी प्रकार की दक्षता (Sense of competence) का भाव अथवा हीनता का भाव उनमें विकसित होता है।

12-18 वर्ष में किशोरावस्था का छात्र/छात्राओं में अपनी पहचान बनाकर विद्यालय, घर एवं समाज में अपनी भूमिका निर्धारित करने की ललक होती है। यदि वे इस ध्येय में सफल हो जाते हैं तो उनमें आत्मविश्वास की मात्रा बढ़ती जाती है असफल होने पर उन्हें अपनी क्षमताओं के बारे में सन्देह होने लगता है और 'स्व' के (self) बारे में उनका Self regarding sentiment परिपुष्ट नहीं हो पाता। किशोरावस्था में उत्तरकाल में 19-40 **वर्ष पर्यन्त प्रौढावस्था की आयु में उनमें अन्य** सभी के साथ मधुर सामाजिक सम्बन्ध बनाने की प्रवृत्ति होती है। कई बार संग दोष के कारण वे संकट में फँस जाते हैं। बुरी आदतों के शिकार हो जाते हैं। अधिक सामाजिक दबाव के कारण वे निराशा में निम्मान होकर एकान्त सेवी बन जाते हैं। अपराध की दुनिया में वे अपनी पहचान बनाकर अपने अहं की रक्षा करने लगते हैं। ऐसी स्थिति में उन्हें अध्यापकों के सही मार्ग दर्शन की बहुत आवश्यकता है। यही वह अवस्था है जहाँ सामाजिक चरित्र का संकट उपस्थित हुआ करता है। आयु के इस अन्तराल में Igo Identity वर्तमान परिवेश में तीव्र गति से परिवर्तित हो रही है। आवश्यकतानुसार आयाम व्यक्ति के व्यवहार और क्रिया-कलापों को अनुप्राणित करने वाले तैयार करने की आवश्यकता है। जिससे संचार यंत्रों की तुलना में व्यक्ति की प्रासंगिकता बरकरार बनी रह सके। Erikson ने ego strength या ego quality के प्रबन्धन को महत्वपूर्ण माना है। अगर इसके प्रबन्धन की उपेक्षा की गई तो व्यक्ति अन्दर से खोखला होता जायेगा। प्रत्येक कदम पर संघर्ष और प्रतिद्वन्द्वता का सामना करना पड़ेगा। किन्तु संघर्षों में सफलता का वरण कर लेने पर व्यक्तित्व में अनुकरणीय गुणों की प्रचुर सम्पत्ति का विकास होगा। असफल होने पर विकासशील सभी शक्तियाँ कुण्ठित हो सकती है।

अर्थोपार्जन की अंधी दौड़ में मानवीय सम्बन्धों में दरारें पड़ती जा रही है। सामाजिक ताना-बाना छिन्न-भिन्न होता जा रहा है। ऐसी संकटापन्न अवस्था में अध्यापक-प्रशिक्षण संस्थानों का दायित्व गुरुतर हो गया है। वे ऐसे भावी अध्यापकों को तैयार करें जो मानवीय संवेदनाओं से स्वयं भी परिपुष्ट हों और नैतिकता में भी सबल हों जिससे सामाजिक और राजनैतिक परिवर्तन उनके पैर न उखाड़ फेंक सके। वे जिन बच्चों को पढ़ाने जायें उनको स्नेह, सुरक्षा और सद्भाव देकर अन्तर्निहित शक्तियों के पूर्ण विकास में संरक्षक की भूमिका अदा कर सके। इन क्षमताओं को विकसित करने में मनोविज्ञान और योगनिष्ठा अपरिहार्य अंग है। मनोविज्ञान की गहरी जानकारी से भावी अध्यापक बालकों को ठीक-ठीक समझ कर उनका विकासोन्मुख मार्गदर्शन कर सकेंगे तथा योग साधना से अपनी चेतना के स्तर को ऊँचा उठाकर समत्व भाव लाकर स्वयं को दृष्टाभाव में आरुढ कर हताशा और निराशा से बच सकेंगे। तभी वे अपने अध्यापन कर्म को कुशलतम से सम्पन्न करने में सक्षम हो पायेंगे।

बदलते सन्दर्भ में अध्यापक शिक्षा की चुनौतियाँ एवं भावी उपागम

–डा. आर. पी. पाठक

एसोसिएट प्रोफेसर, शिक्षा शास्त्र विभाग, श्री.ला.ब.शा.रा.सं.विद्यापीठ

अध्यापक–शिक्षा की चुनौतियों पर विचार करने का एक युक्ति–युक्त उपागम है–वर्तमान चुनौतियों को अध्यापक–शिक्षा के विकासात्मक सन्दर्भ में देखना। इस आधार पर इस पत्र की विषय–वस्तु को निम्न दो अंशों में प्रस्तुत किया जा सकता है–

1. अध्यापक –शिक्षा का विकासात्मक स्वरूप एवं
2. अतीत एवं भविष्य के सन्दर्भ में अध्यापक–शिक्षा की वर्तमान चुनौतियाँ।

अध्यापक-शिक्षा का विकासात्मक स्वरूप

एक युग था जब अपने विषय का पूर्ण ज्ञाता मात्र होना व्यक्ति के अध्यापक बनने हेतु पर्याप्त योग्यता मानी जाती थी। कुछ विषयों के अध्यापन में तो यह मान्यता अभी तक प्रचलित है। संगीत, नृत्य, कला आदि में तो अभी तक हम कोई व्यवस्थित वैज्ञानिक अध्यापन प्रणाली न तो विकसित कर पाये हैं और न इस बात की कोई आवश्यकता ही अनुभव करते हैं। इस स्थिति को हम अध्यापन का प्राथमिक काल मान सकते हैं, जबकि विषयवस्तु के ज्ञान के अतिरिक्त अध्यापन के लिए और किसी भी प्रकार के प्रशिक्षण की आवश्यकता नहीं थी।

उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरकाल तथा बीसवीं शताब्दी के प्रारम्भ में विश्व के ज्ञान- क्षितिज पर वैज्ञानिक युग के अवतरण के साथ मानव जीवन के बहुपक्षी इतिहास के कई आयामों के पन्ने विज्ञान की आयु के

तेज़ झोंके से बड़ी तेजी से पलटे। अध्यापक-शिक्षा के इतिहास ने भी इस समय एक नया मोड़ लिया। बीसवीं शताब्दी के पूर्वार्ध में मनोविज्ञान ने, विज्ञान के प्रकाश में, अपने दार्शनिक-मानसिक स्वरूप को त्यागकर **व्यवहार के विज्ञान** का नया स्वरूप धारण किया। चूँकि शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति-व्यवहार में वांछनीय परिवर्तन लाना था, अतएव इन परिवर्तनों को फलीभूत करने हेतु शिक्षाविदों को **व्यवहार के विज्ञान** की ओर देखना पड़ा। विज्ञान ही किसी विषय, वस्तु या परिस्थिति विषयक 'क्यों' और 'कैसे' प्रश्नों का उत्तर दे सकता है। अतएव व्यवहार के वांछनीय मोड़ो को किस प्रकार चरितार्थ किया जाये, यह विद्या एक विज्ञान ही शिक्षाविदों को बता सकता था। फलस्वरूप व्यवहार परिवर्तन के प्रक्रम, गतिविधियाँ, चरण, मूल्याँकन आदि के ज्ञान के रूप में मनोविज्ञान का शिक्षा के साथ संयोग स्थापित हुआ। इस संयोग ने जन्म दिया सांशैक्षिकी (Educational Pedagogy) को। हरबर्ट के सुप्रसिद्ध अध्यापन-पदों के साथ अध्यापन के लिए आवश्यक समझा गया और इस प्रकार व्यवस्थित अध्यापक-प्रशिक्षण का एक नवीन विषय-क्षेत्र के रूप में प्रारम्भ हुआ। संक्षेप में कह सकते है कि अध्यापक-शिक्षा का जन्म इस जिज्ञासा में हुआ कि छात्रों तक विषय-वस्तु का समुचित प्रेषण, किस व्यवस्था से, किस प्रकार की विधाओं से और कौन-कौन से उपकरणों से किया जा सकता है।

मनोविज्ञान-अधारित अध्यापन विधाओं में निरन्तर प्रगति होती गई। कई प्रकार की शिक्षण शैलियाँ, अध्यापन प्रारूप तथा पाठ योजनायें विकसित होती गई। उद्देश्यानुसार, विषय-वस्तु के अनुसार, विषयनुसार भाँति-भाँति के प्रयोग होने लगे।

किसी भी नवीन विकास के साथ सामान्यतः नवीन प्रश्नों का जन्म होता है, नई गुत्थियाँ उपस्थित होती हैं, नये आयाम खुलते हैं। शिक्षा-शास्त्र के अन्तर्गत उपरोक्त प्रयोगों ने अध्यापन परिस्थिति के एक दूसरे महत्त्वपूर्ण आयाम विद्यार्थी-समूह पर भी एक नया प्रकाश डाला। एक तो देखा गया कि अध्यापन के आयाम में एकरूपता होने पर भी एक विद्यार्थी के सीखने के स्वरूप में समानता नहीं, उसके सीखने की प्रकृति, गति-मात्रा, सीखने के प्रति उपागम, सीखने के स्वरूप परिणाम

में अनोखी भिन्नता पाई गई, फलस्वरूप सीखने के प्रक्रम की ओर शिक्षाविदों का ध्यान आकर्षित हुआ। अभी तक अध्यापक-शिक्षा में केवल अध्यापन शास्त्र पर ही शिक्षा-मनोवैज्ञानिकों का ध्यान केन्द्रित था। अध्यापन के मनोविज्ञान से आगे बढ़कर अब वे सीखने के मनोविज्ञान की ओर उन्मुख हुए। मूल प्रश्न था- 'एकैक विद्यार्थी किस प्रकार सीखता है?' इस प्रकार अधिगम का स्वरूप, प्रकार, घटक, नियम, सिद्धान्त आदि पर अध्ययन प्रारम्भ हुआ और **अधिगम का मनोविज्ञान** (Psychology of Learning) विकासमान मनोविज्ञान की एक शाखा के रूप में वर्धमान होने लगा। अध्यापन की दृष्टि से इस शाखा से कई महत्त्वपूर्ण योगदान आये। कुर्ट लेविन द्वारा प्रस्तुत 'सीखने के संज्ञानात्मक सिद्धान्त' ने विशेष रूप से विद्यार्थी की संज्ञानात्मक संरचना के अवकलन की ओर शिक्षाविदों का ध्यान आकर्षित किया। सीखने के प्रक्रम पर शिक्षाविदों और मनोवैज्ञानिकों द्वारा दिये गये इस बल के परिणामस्वरूप अध्यापन एक विज्ञान स्वीकार किया जाने लगा। इस प्रगति गामी पथ पर अध्ययन के विकासात्मक स्वरूपों की रूपरेखा कुछ इस प्रकार बनी-

* विषय-विशेषज्ञ द्वारा छात्र को विषय-वस्तु का सहजरूपेण प्रेषण। अध्यापन एक सहज प्रक्रम।

* अध्यापन शास्त्र के रूप में सांशैक्षिकी (Educational Pedagogy) का जन्मः अध्यापक-शिक्षा का प्रारम्भ और विधिवत विकास।

* अध्यापक के लिए अधिगम विज्ञान में भी पारंगत होना आवश्यक। अधिगम मनोविज्ञान एवं शिक्षाशास्त्र के समन्वित विकास के साथ अध्यापन, एक विज्ञान बना और आज के युग में हमने घोषित किया है कि अध्यापन एक टैक्नोलॉजी है।

वर्तमान युग में अध्यापक-शिक्षा की चुनौतियाँ-

आज के युग में शिक्षा, एक उद्योग, एक तकनीक, एक टैक्नोलॉजी

के रूप की ओर अग्रसर हो रही है। समय की गति-प्रकृति और परिस्थिति की आवश्यकता को देखते हुए शिक्षा के विकास में यह आयाम भी अपरिहार्य है। भारत की बढ़ती अपार जनसंख्या, निराशापूर्ण निरक्षरता, और निम्न जीवनस्तर के सन्दर्भ में औद्योगिक-तकनीकी उपागमों का अपना विशिष्ट महत्त्व है। अब अपने आज के विषय के संदर्भ में देखें तो वर्तमान युग में अध्यापक-शिक्षा की चुनौतियों की ओर यों तो चारों ओर से आज हमें कई चुनौतियाँ ललकार रही हैं।

प्रत्येक परिवर्तन का प्रति चरण, कतिपय प्रश्नों को संग लिए रहता है। हरेक विकास के साथ कुछ चुनौतियाँ संलग्न रहती हैं और कोई भी नूतन देन एक अमिश्रित वरदान नहीं होती है।

शिक्षाः एक उद्योग के रूप में-

वर्तमान युग में शिक्षा के प्रसार की असीम आवश्यकता को देखते हुए उसका औद्योगिक उपागम से आयोजन, एक अनिवार्य वास्तविकता बनता जा रहा है। इस उपागम के स्पष्ट लाभ हैं- गति, विस्तार, प्रभाविता, सम्यकता (Accuraccy) एकरूपता, उत्पादकता आदि।

उपरोक्त लाभों के साथ संयुक्त चुनौतियों के रूप में कई प्रश्न उपस्थित होते हैं-

क्या शिक्षा-प्रक्रम आनन्ददायी है?

(John Leonard) जॉन लीओनॉर्ड की प्रसिद्ध पुस्तक **'एजूकेशन एण्ड एक्सटेसी'** में विद्वान लेखक ने जो संगत प्रश्न उठाये हैं, शिक्षण संस्थाओं का वर्णन करते हुए वे कहते हैं, 'विद्यालय एक फैक्ट्री है जिसका प्रधानाचार्य उसका प्रबन्धक है, अध्यापकगण कार्यकर्त्ता हैं और छात्रजन उत्पादित सामग्री (Product) हैं। इस प्रोडेक्ट में संख्यात्मक वर्धन के साथ यन्त्रवत् एकरूपता है। विद्यालय समय की समाप्ति की घण्टी होते ही भीतर के कार्यकर्ता फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूरों के समान राहत अनुभव करते हैं।

अध्यापक-शिक्षा की आज प्रथम चुनौती, मेरी राय में यह है कि शिक्षा को एक आनन्ददायी प्रक्रम किस प्रकार बनाया जाये। अध्यापक-प्रशिक्षण का यह ज्वलन्त प्रश्न हमें घूरता है, जॉन लीओनार्ड द्वारा उपरोक्त पुस्तक के प्रस्तुत एक स्टाफ रूम के मार्मिक चित्रण में वे कहते हैं 'अध्यापक **थके हुए** हैं कॉफी के दागों से युक्त कॉफी के प्यालों में वे राहत की आंहें भरते हैं। आज हमारे सामने यह चुनौती है कि अध्यापक-शिक्षा के माध्यम से हम किस प्रकार एक भावी अध्यापक के मन में आस्था जागृत करें कि अध्यापन प्रक्रम आनन्ददायी हो सके।

क्या अध्यापन सर्जनात्मक है?

'सर्जनात्मकता' के लक्षणों का विवेचन करते हुए मनोवैज्ञानिक घिसलिन (Ghiselin) ने एक सार्थक लक्षण यह भी बताया था कि जो वस्तु हमें (Aesthetic Pleasure) सौन्दर्यबोधयुक्त आनन्द दे उस उत्पाद को हम सर्जनात्मकता का परिणाम कह सकते हैं। 'क्या अध्यापन आनन्ददायी प्रक्रम है?' इस प्रश्न के उपरोक्त विवेचन ने तो यह शंका उत्पन्न कर दी है कि अध्यापन एक **आनन्ददायी** प्रक्रम भी है आज, या नहीं! तो फिर **सौन्दर्यबोधयुक्त** आनन्द की बात ही कहाँ? कदाचित् जिन मानवीय गुणों में सौन्दर्यबोध, संवेदनशीलता, और आनन्दित रहने की क्षमता ऐसे लक्षण हैं जिनका आज के शिक्षा जगत में सबसे अधिक ह्रास दृष्टिगोचर होता है।

शिक्षा में सर्जनात्मकता लाने के प्रश्न को एक चुनौती के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है कि आज हमें परिस्थितिवश उद्योग के यान्त्रिक तन्त्र का उपागम शिक्षा के विस्तार में प्रयुक्त करने की अनिवार्य आवश्यकता आ पड़ी है। उद्योग के उत्पाद का अन्तर्निहित लक्षण है एकरूपता, और एकरूपता का सर्जनात्मकता से मनोवैज्ञानिक विरोध है। अध्यापक-शिक्षा की आज यह एक महान चुनौती है कि शिक्षा के **विस्तार-प्रसार के सन्दर्भ में**, और इन **प्रशिक्षित अध्यापकों** द्वारा **विद्यालयीय अध्यापन**, दोनों ही सर्जनशील प्रक्रम बन सकें।

अध्यापक की नई भूमिकायें

विकासमान टैक्नोलॉजी के सन्दर्भ में अध्यापक को अपनी नई उभरती भूमिका के बारे में प्रशिक्षित करना अध्यापक शिक्षा की तीसरी महत्त्वपूर्ण चुनौती है। कम्प्यूटर, अध्यापक को अवस्थापित नहीं कर सकता। हमें नई टैक्नोलॉजी के प्रयोग में हमारे भावी अध्यापकों को प्रशिक्षित करने के साथ-साथ उन्हें अपनी नवीन भूमिकाओं के लिए भी तैयार करना होगा।

आज दुनिया सिकुड़ कर छोटी सी हो गई है- दूरसंचार के सशक्त साधनों के कारण विविध देशों, संस्कृतियों, समाजों के संगम के साथ-साथ सभी वयस्कों की पुरानी भूमिकाओं में नित नूतन आयाम जुड़ते जा रहे हैं। बहुत सी सूचनायें बनाकर पाठ्येतर तकनीकी साधनों से प्राप्त कर लेते हैं। इसलिए अध्यापन के स्वरूप, उसके उपागम-आयोजन पर पुनर्विचार की आवश्यकता है। साथ ही अधिगम के विस्तरित पर्यावरण और परिवर्धित सूचना क्षेत्र के सन्दर्भ में चिरन्तर मूल्यों की रक्षा, उसकी आवश्यक आस्थाओं का विकास, अपनी संस्कृति के प्रति आदर आदि कई ऐसी बातें हैं जिनकी ओर आज के वयस्कों को सजग रहना है और हमारी दृष्टि से एक अध्यापक का स्थान सबसे गौरवपूर्ण है। भावी अध्यापकों को अपनी इस गौर गौरवपूर्ण, गरिमामयी भूमिका निभाने हेतु हमें प्रशिक्षित करना है।

व्यवसाय के प्रति निष्ठा

उपरोक्त बिन्दु का विवेचन हमें सहज रूप से उस चुनौती पर ले जाता है जो आज शिक्षा जगत की सबसे बड़ी चिन्ता का विषय बनी हुई है।

भारतीय संस्कृति में अध्यापक के लिए 'गुरु' शब्द का प्रयोग होता है जिसका अर्थ है-'भारी, वजनदार।' बड़ा ही गरिमामय है यह व्यवसाय!! बड़े ही शक्तिशाली कन्धों की आवश्यकता है इस वजनदार

और गरिमामय व्यवसाय को वहन करने हेतु उसे ब्रह्मा, विष्णु और महेश कहा गया है–

गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु गुरुर्देवो महेश्वरः।
गुरुः साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः॥

ब्रह्मा के रूप में वह विचारों का सर्जनकर्त्ता है, विष्णु के रूप में विचारों का अनुपालन कर्त्ता है तथा अवांछित विचारों के संहारक के रूप में वह महेश्वर है। लेकिन हमें दुःख के साथ स्वीकार करना पड़ता है कि अध्यापन को एक विज्ञान तथा टैक्नोलॉजी के पद तक समुन्नत करने के बावजूद अध्यापकों की अपने ही व्यवसाय के प्रति निष्ठा में गिरावट सी प्रतीत होती है। निष्ठा, आस्था और भक्ति के बिना, केवल वैज्ञानिक–तकनीकी उन्नति से हम अध्यापन के क्षेत्र में बहुत आगे नहीं बढ़ सकते हैं।

आज हमारे समक्ष महान चुनौती है कि हम अपने अध्यापक प्रशिक्षण में किन तत्त्वों को, कौन से अनुभवों को, किस प्रकार समाविष्ट करें कि हम एक वांछनीय व्यवसाय निष्ठा भावी अध्यापक में उत्पन्न कर सकें।

अपने विकासात्मक स्वरूप का अध्ययन करते हुए, वर्तमान को समझें और **समूचे सन्दर्भ** में भविष्य में झाँकती हुई चुनौतियों का सामना करने की तैयारी करें। हमें स्वयं अपने कार्य के प्रति जागरुक और जवाबदेह बनना पड़ेगा, अपने अन्दर के सुप्त विचारों को जागृत करना होगा, तभी अध्यापक शिक्षा को जीवन्त रखा जा सकता है, अन्यथा नहीं।

References:

M. H. R. D : Challenges of Education- A Policy Perspective; Ministry of Education, Govt. of India, New Delhi, 1985

M. H. R. D : National Policy of Education 1986, Ministry

		of Human Resource Development, Govt. of India, (Department of Education), New Delhi, 1986
Dewals & Shah	:	Technology Knocks at the door of Education center of Advance study in Education, Baroda, 1970
Leonard, G.B	:	Education at Ecstasy, John Murray, 1970
Mukerjee, S.N	:	Education of Teachers in India, Vol. 1&2, Chand & co. New Delhi, 1968
Tripathi, S.N	:	Creativity & Education, Regional College of Education, Bhopal, Bhopal, 1969
Pathak, R.P	:	Philosophical & Sociological Principles of Education, Pearson Education, New Delhi, 2011

ई-अधिगम द्वारा अध्यापक शिक्षकों का सशक्तिकरण

–डा. अमिता पाण्डेय भारद्वाज
सहायक आचार्य, शिक्षा शास्त्र विभाग, श्री.ला.ब.शा.रा.सं.विद्यापीठ

आज के तकनीकी युग में शिक्षा के हर क्षेत्र में तेजी से बदलाव हो रहे हैं और अध्यापक शिक्षा इससे अछूता नही हैं। शिक्षण, अधिगम, मूल्यांकन, शोध आदि क्षेत्रों में टेक्नोलॉजी का विकास इतने द्रुत रूप में हो रहा है कि वर्तमान शैक्षिक परिप्रेक्ष्य में शिक्षण-व्यवस्थाओं के अभिकल्पन एवं कार्यरत अध्यापक शिक्षकों की कार्य कुशलता के लिये अपेक्षिता तत्परता एवं अनिवार्यता महसूस होने लगी है। इस बात से हम सभी सहमत होगें कि इक्सीवीं शताब्दी की उभरती चुनौतियों में से यह एक महत्वपूर्ण चुनौती हैं। अध्यापक शिक्षा से जुड़े सभी शिक्षण ऐसी परिस्थितियों में अपनी व्यावसायिक प्रतिबद्धता एवं कौशलों को कैसे अभिव्यक्त करें जिससे समय-समय पर प्रेक्षित चुनौतियों का सामना प्रभावी ढंग से हो सके, यह एक सारगर्भित मुद्दा है। इस संदर्भ में ई-अधिगम एक ऐसी युक्ति एवं साधकत्व है जो हमें इस चुनौती का सामना करने के लिए अपेक्षित सामर्थ्य प्रदान करेगा। यह शिक्षण एवं अधिगम मे प्रभावित एवं प्रयोजनबद्धता लाने का अत्यन्त सबल व प्रबल तरीका है जो कि हमें सशक्त ही नही बल्कि नये बदलते शैक्षिक, प्रतिमान की अपेक्षाओं के लिये उद्यत है। यह एक इन्टरनेट-समर्थित अधिगम प्रक्रिया है जिसमें बहुप्रारूपों में विषय-वस्तु प्रदान कना, अधिगम अनुभवों का प्रबधंन तथा नेटवर्क द्वारा जुड़े अधिगमकर्त्ता, पाठ्य-वस्तु निर्माता एवं विषय-विशेषज्ञों का समुदाय-सम्प्रेषण संकुल के इष्टतम प्रयोग के सद्यः घटक हैं।

ई–अधिगम पद का शाब्दिक अर्थ ऐसे अधिगम से है जिसे किसी एक या अधिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, माध्यमों अथवा संसाधनों की सहायता से सम्पादित किया जाता हैं। व्यवहारात्मक रूप में ई–अधिगम को इतने व्यापक अर्थ में प्रयुक्त नहीं किया जाता बल्कि इसके प्रयोग क्षेत्र को आधुनिक शिक्षण–अधिगम तकनीकी के उपयोग तक ही सीमित रखा जाता है जिसमें कम्प्यूटर, नेटवर्किंग तथा बहुमाध्यमीय टेक्नोलॉजी का सहयोग होता है। अपने इस रूप में ई–अधिगम में सभी प्रकार के आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक सूचना एवं सम्प्रेषण माध्यम एवं साधनों जैसे सी. डी., डी.वी.डी., टेलीकांफ्रेंसिंग या चैटिंग, इन्टरनेट तथा वेब सुविधाओं, ऑनलाईन अधिगम, वेब आधारित अधिगम आदि की सहायता से अर्थपूर्ण शिक्षण एंव अधिगम कार्य सम्पादित किया जा सकता है। अपने इस व्यवहारात्मक एवं प्रयोगात्मक रूप में ई–अधिगम एक ऐसी इलेक्ट्रॉनिक जन्य अधिगम है जिसका सम्पादन आधुनिक अधिगम टेक्नोलॉजी (इन्टरनेट–आधारित, वेब–आधारित एवं बहुमाध्यम–आधारित टेक्नोलॉजी) के प्रयोग द्वारा किया जाता है।

ई–अधिगम के तीन आधारभूत तत्व हैं–पाठ्य वस्तु, टेक्नोलॉजी और सेवाएँ। पाठ्यवस्तु ई–अधिगम का आधार है जिसे टेक्नोलॉजी गतिमान बनाती है तथा सेवाएँ एक अवलम्ब प्रणाली है जो कि अधिगम प्रक्रिया को इन्टरनेट के द्वारा मानवीय एहसास प्रदान–करती है। ई–अधिगम जहाँ एक ओर अधिगमकर्त्ता को सीखने के अवसर प्रदान करता है वहीं दूसरी ओर उसे जवाबदेह भी बनाता है। अतः यह कम खर्च में ज्यादा जानने व जल्दी सीखने और सूचना व ज्ञान के आत्मसात्करण करने की शक्तियों को अभिवृद्ध करता है। प्रस्तुत पत्रक ई–अधिगम द्वारा अध्यापक शिक्षकों को सशक्त बनाने हेतु कुछ आवश्यक उपाय–कौशलों पर प्रकाश डालने का प्रयास करेगा। ये उपाय कौशल आधुनिक इलेक्ट्रॉनिकी के विकास के साथ जुड़े अनेक बहुआयामी संयंत्रों एवं माध्यमों के संकुलों से निकटतापूर्वक प्रभावित होते हैं। आगे इन उपाय कौशलों के प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करने की दृष्टि से कतिपय मुद्दे प्रस्तावित एवं वर्णित हैं।

टेक्नोलॉजी के प्रति मानसिक सोच में बदलावः-

आज के तकनीकी युग में यदि अध्यापक शिक्षकों को व्यावसायिक जीवन में अपनी पहचान बनाए रखनी है तो उसे टेक्नोलॉजी के प्रति अपनी सोच को सकारात्मक बनाना होगा। किसी व्यक्ति की सोच को बदलना एक बहुत ही जटिल कार्य है क्योंकि स्वाभाविक रूप में कोई भी व्यक्ति जल्दी से कोई भी परिवर्तन स्वीकार नहीं करता। हमें यह पता होना चाहिए कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है जबकि चुनौतियाँ जीवन का लक्ष्य है। इसलिए हमेशा चुनौतियों में बदलाव लाने की अपेक्षा परिवर्तन को ही चुनौति के दायरे में लाया जाए। अतः इस बदलते शैक्षिक सन्दर्भ में जिस प्रकार हमने दैनिक जीवन के कार्यों में टेक्नोलॉजी को अपनाया एवं आत्मसात् किया हैं उसी प्रकार उसे अपने शैक्षिक कार्यों का अभिन्न अंग बनाना होगा। इसके प्रयोग से हम अपने शिक्षण और अधिगम प्रक्रिया को आकर्षक, रूचिपूर्ण और प्रभावी बना सकेगे। यह हमें ऐसे शिक्षाशास्त्र उपागम को अपनाने में प्रोत्साहित करेगा जो कि शिक्षण व अधिगम को बंद से खुले और कठोर से नमनीयता की ओर अग्रसारित करने में सहायक होगें। अतः अपने व्यावसायिक कार्यों को अर्थपूर्ण एवं प्रभावी बनाने हेतु अध्यापक शिक्षकों को टेक्नोलॉजी के प्रयोग के प्रति एक अभिवृत्ति परिवर्तन की आवश्यकता है जो कि उसे ई-अधिगम व्यवस्थाओं के प्रति उचित सोच बनाने में सहायक होगा।

कम्प्यूटर के प्रयोग को शैक्षिक गतिविधियों से अनुकूलित करनाः-

ई-अधिगम के प्रयोग के सन्दर्भ में कम्प्यूटर साक्षरता और उसका शैक्षिक कार्यों में अनुप्रयोग बहुत अहम भूमिका निभाता है। अध्यापक शिक्षक को अपने को ई-अधिगम से जोड़ने के लिये सर्वप्रथम कम्प्यूटर साक्षर बनना होगा। कम्प्यूटर साक्षरता से अभिप्राय यह हैं कि कम्प्यूटर के मुख्य घटकों, उनके कार्य तथा बहुविध प्रयोगों की जानकारी होना। इसमें मुख्य रूप से एम.एस.-ऑफिस, वेब एवं इन्टरनेट के सम्प्रत्ययों

की जानकारी एवं प्रयोग सम्मिलित हैं। कम्प्यूटर के इस सामान्य ज्ञान को प्राप्त करने के पश्चात ही अभिज्ञता स्तर में अभिवृद्धि होती हैं तथा अभ्यासकर्ता शिक्षक उसे शिक्षण–अधिगम की परिस्थितियों में आवश्यकतानुसार अनुकूलन की ओर अग्रसर होता है जिससे पूरी व्यवस्था अधिगम को इष्टतम रूप में सुनिश्चित करने के प्रति संवेदनशील बन जाती है।

इधर के दशक मे कम्प्यूटर–समर्थित अधिगम की विधाओं में बहुलता आने से अधिगम प्रक्रिया में स्व–प्रयास आधारित अधिगम घटित होने में सहजता देखने को मिलती है। इसी दृष्टि से वर्चुअल कक्षाएँ तथा वर्चुअल कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों का स्वरूप प्रकाश में आया है। इसके अलावा अधिगम प्रक्रिया में प्रभावित एवं स्थायित्व दोनों ही तत्व एक साथ जुड़े हैं। जिससे अधिगम की अवधि में परम्परागत रूप में महसूस की जाने वाली ऊब, नीरसता एवं कृत्रिमता से बचाव होने की सम्भावना बढ़ जाती है।

ई–अधिगम का आधारभूत ज्ञान :–

ई–अधिगम को शैक्षणिक कार्यों का अभिन्न अंग बनाने के लिये सर्वप्रथम शिक्षकों को इसकी अवधारणा, इसके घटक, प्रकृति, विशेषताएँ, विभिन्न प्रारूप एवं शैलियों के बारे में जानकारी अति आवश्यक है। इससे शिक्षकों को अपने दैनिक शैक्षिक कार्यों में प्रयोग करने की परिस्थितियों में और स्पष्टता प्राप्त होगी। विषय से सम्बन्धित सूचनाओं का संकलन, अधिग्रहण एवं रूपान्तरण तथा उनको ज्ञान समग्रों में शनैः–शनैः रूपान्तरित करना तथा उसे उच्चस्तरीय अनुप्रयोग के लिये विवेक सम्मत ज्ञान संकुलो के रूप में लाना एक सुगम–प्रक्रिया बन जाती है। इसके परिणामस्वरूप शिक्षक अपने विषयी ज्ञान को अद्यतन और अभिवृद्धि तो कर सकेगा तथा साथ–ही उसके प्रयोग व अन्तरण के नये साँचों को विकसित कर पायेगा। अतः ई–अधिगम के आधारभूत ज्ञान को अपेक्षित रूप में सबल एवं प्रभावी बनाए रखने की दृष्टि से

सूचना एवं ज्ञान के दायरों को निरन्तरता के साथ नवीन परिप्रेक्ष्य देते रहना होगा।

प्राविधिक कौशलों को प्रोन्नत करना:-

सूचना के युग में किसी भी क्षेत्र से सम्बन्धित सूचनाओं को इन्टरनेट के माध्यम से बहुत कम समय में अभिगम्य बनाया जा सकता है। जैसा है यह सुविदित है कि प्राचीन काल में ज्ञान प्राप्त करने का एकमात्र स्रोत अध्यापक होता था लेकिन वर्तमान समय में अनेक स्रोत है जो कि टेक्नोलॉजी के द्रुत विकास से सम्भव हो पाया हैं। आज का विद्यार्थी टेक्नोलॉजी के प्रयोग मे बेहतर होने के कारण इन्टरनेट के माध्यम से सूचनाये तो प्राप्त कर सकता है। लेकिन उसे ज्ञान में परिवर्तित करने की अपेक्षित सामर्थ्य उसमें नहीं होती जबकि एक कुशल अध्यापक इसे सहज रूप में अपना सकता है। इस सन्दर्भ में शिक्षक की भूमिका ज्ञान नियन्त्रक से ज्ञान-विस्तारक एवं समर्थनदाता की बन जाती है। इसलिए यह शिक्षकों के लिये आवश्यक है कि वह भी अपने विषयों से सम्बन्धित सूचनाओं की अभिगम्यता प्राविधिक कौशलों के माध्यम से प्रवाहपूर्ण एवं सहज बनाये जिससे सूचनाओं को ज्ञान-पूजी में परिवर्तित करने में सुगमता आए। प्राविधिक कौशलों को अभिवृद्ध करने से वह अपने व्यावसायिक कार्यों विशेषरूप से शिक्षण कार्य को प्रभावी ढंग से नियोजित, सम्पादित व मूल्यांकित कर सकेगें। साथ ही साथ अपनी विषय-वस्तु को अद्यतन कर, उसके प्रभावी प्रस्तुतिकरणों को नया आयाम प्रदान कर सकेगें।

ई-अधिगम को पाठ्यक्रम का अविच्छिन्न अंग बनाना :

ई-अधिगम को सैद्धान्तिक व व्यावहारिक पक्षों को कार्यरूप प्रदान करने हेतु अध्यापक शिक्षा के सभी पाठ्यक्रमों का इसे अभिन्न अंग बनाना होगा। या तो इसे हम पाठ्यक्रम के अनिवार्य विषय के रूप में स्थान दे या एक प्रशिक्षण कार्यक्रम के रूप में सम्मिलित करें। ई-अधिगम कार्यक्रम को अध्यापक शिक्षकों के व्यवहार का अंग बनाने हेतु पाठ्यक्रम में इसके व्यावहारिक पक्ष पर अधिक बल देना होगा

जिसके लिये संस्थागत स्तर पर अपेक्षित भौतिक संसाधन एवं सुविधाओं की उपलब्धता परमावश्यक है। प्रायः पाठ्यक्रम के अधिकांश घटकों को ई–अधिगम से जोड़ने का प्रयास पाठ्यक्रम की क्रियान्विति में प्रभाविता सुनिश्चित कर सकेगा तथा पाठ्यक्रम का व्यावहारिक उपयोग कई दृष्टियों से सरल एवं सुगम बन सकेगा।

कक्षा शिक्षण की अन्तर्क्रियात्मक परिस्थितियों में ई–अधिगम का समन्वयः

कक्षा शिक्षण में ई–अधिगम के अनुप्रयोग करने से एक शिक्षक अपने को कई कक्षाओं में उपलब्ध करा सकेगा। इसके लिये शिक्षकों को ई–अधिगम के विभिन्न माध्यमों एवं शैलियों को कक्षा–शिक्षण का अभिन्न अंग बनाना होगा। वैसे तो ई–अधिगम दूरवर्ती और नमनीय रूप में अधिगम प्राप्त करने के लिये सबसे उपयुक्त माना जाता है। लेकिन औपचारिक कक्षा-शिक्षण व्यवस्था में यह एक प्रभावी पूरक का काम करता है। कक्षा शिक्षण में बहुमाध्यम, इन्टरनेट तथा वेब आधारित टेक्नोलॉजी का प्रयोग करके शिक्षण व अधिगम दोनों को रोचक एवं अर्थपूर्ण बनाया जा सकता है। शिक्षकों के अच्छे व्याख्यानों को ऑडियो–वीडियो कांफ्रेसिंग के द्वारा किसी भी अन्य विश्वविद्यालय में अधिगम सुन व देख सकता है। इसके साथ अच्छे व्याख्यानों को सी.डी. के रूप में संग्रहित करके आवश्यकतानुसार प्रयोग करने से कक्षा–शिक्षण के गुणवत्ता के स्तरों में वृद्धि सुनिश्चित की जा सकती है अतः अवलंब एवं मिश्रित अधिगम शैलियों के रूप में ई–अधिगम का कक्षा–शिक्षण में अनुप्रयोग सम्भव है।

ई–पाठ्य–वस्तु के निर्माण की क्षमता का विकासः–

यह हम सभी जानते हैं कि ई–पाठ्य वस्तु का अभाव है और इस अभाव को पूरा करने के लिये शिक्षकों में ई–पाठ्य वस्तु के निर्माण की क्षमता का विकास करना अति आवश्यक है। ई–पाठ्य वस्तु निर्माण से जुड़ी संस्थाओं के साथ अध्यापक शिक्षकों को अपने को जोड़ना होगा जिससे वह अपने विषयों से सम्बन्धित ई–पाठ्य वस्तु निर्माण में अपना

सहयोग प्रदान कर सके। इसके लिये व्यक्तिगत एवं संस्थागत दोनों स्तरों पर प्रयास अपेक्षित है।

ई-मंच का निर्माण

देशभर के सभी अध्यापक शिक्षकों को एक ई-मंच बनाना चाहिए जिसका प्रयोग कहीं भी बैठा अधिगमकर्ता ज्ञान के आदान-प्रदान, सूचनाओं को प्राप्त करने, कौशलों के विकास, नूतन प्रवृत्तियों को जानने आदि के लिये कर सके। इस ई-मंच को ठोस आधार प्रदान करने के लिये अध्यापक शिक्षकों को सामूहिक एवं सहयोगात्मक प्रयास करने होगे। इस मंच के माध्यम से देशभर के अध्यापक शिक्षक एक दूसरे से तो जुड़ेंगे ही साथ अपनी व्यावसायिक समस्याओं को बता सकेगें तथा ई-विचार मंथन द्वारा समाधान ढूंढ पायेगें।

अन्त में, यह कहने में अतिशयोक्ति नहीं होगी कि शिक्षक एवं शिक्षण-अधिगम की वर्तमान व्यवस्थाओं के सबलीकरण एवं उनके प्रभाव आयामों को अभिनव स्वरूप देने में ई-अधिगम की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण एवं सामयिक है जिसे अध्यापक शिक्षा के पाठ्यक्रमों को आवश्यक अंग के रूप में उपकल्पित करना होगा। इस प्रकार अध्यापक शिक्षा में प्रयुक्त पाठ्यक्रम, शिक्षण विधि एवं मूल्यांकन पद्धतियों को निरन्तर विकासशील परिप्रेक्ष्य में रख सकने में मदद मिलेगी जिससे शिक्षक एवं अध्यापक शिक्षा का विशेषज्ञ अपने को इक्सीवीं सदी के मानकों के अनुरूप सशक्त एवं समृद्ध बना सकेगा। यह आज के वैश्विक सन्दर्भ की एक महत्वपूर्ण विवशता है जिसे शिक्षा एवं शिक्षण के प्रत्येक स्तर पर जानना व परखना होगा। इस परिप्रेक्ष्य में अध्यापक शिक्षा की रणनीतियों में बुनियादी तौर पर बदलाव लाने की आवश्यकता है जिससे शिक्षा की प्रक्रिया में अध्यापक निर्भरता के सापेक्ष विद्यार्थी की स्व-निर्भरता एवं दशकों से चली आ रही परावलम्बन की व्यवस्था को स्वावलम्बन एवं स्वायत्तशासी व्यवस्था का रूप दिया जा सके।

अध्यापक शिक्षा में गुणवत्ता

–डा. कुसुम यदुलाल
सहायक आचार्य, शिक्षा शास्त्र, श्री.ला.ब.शा.रा.सं.विद्यापीठ

भूमिका

सभी जातियां, समाज एवं राष्ट्र निरन्तर गुणवत्ता और उच्चतम लक्ष्यों को छू सकने की होड़ में लगे रहे हैं। यद्यपि गुणवत्ता नियंत्रण, गुणवत्ता आश्वासन, गुणवत्ता प्रबन्धन, गुणवत्ता मंडल और सम्पूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन को पश्चिमी जगत में अधिकाधिक एवं स्वत्वाधिकारित (कापी राइटेड) कर दिया गया है, परन्तु भारत में अति पुरातनकाल से ही जीवन शैली में गुणवत्ता पर बल दिया जाता रहा है। छान्दोग्य उपनिषद् में मानवप्राणी को उद्बोधित किया गया है कि जो कुछ भी करो, पूरी कुशलता अर्थात् गुणवत्ता के साथ ही प्रत्येक कर्म करो। कठोपनिषद् में नचिकेता सबसे बड़े अधिगम अर्थात् आत्मा के सैद्धान्तिक ज्ञानको यमराज से प्राप्त करना चाहता है। यमराज ने नचिकेता की ज्ञानपीपासा की परीक्षा लेने के विचार से उसे संसार की सारी सम्पदा तथा सौंदर्य प्रदान करने का लालच दिया। नचिकेता अडिग रहा। तब यमराज ने उसे सर्वोच्च ज्ञान देते हुए, यह प्रार्थना की कि केवल ऐसे ही शिक्षार्थी उसके पास आते रहे। प्राचीन भारतीय विश्वविद्यालय में ब्राह्मण काल का तक्षशिला तथा बौद्धकाल का नालंदा आदि सभी विश्वविद्यालय अपनी गुणवत्ता युक्त शिक्षा तथा उत्कृष्टता के लिए विख्यात थे। श्रीमदभगवत् गीता में भगवान श्री कृष्ण महान योद्धा धनुर्धारी अर्जुन को कहते हैं कि **"योगः कर्मेसु कौशलम्"** अर्थात् अपने कर्म में प्रयासपूर्वक गुणवत्ता की तलाश करो। कर्म स्वयं परमात्मा के साथ एकाकार साधना है। यदि मानव जीवन का परम ध्येय सम्पूर्ण

चेतना अथवा ब्रह्म के साथ अपने को अंतर्भावित करना है तो इसे योग द्वारा संतुलित करके अपने कर्म में गुणवत्ता लाने पर बल देने से बेहतर कुछ और नहीं हो सकता है।

अध्यापक शिक्षा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि-अध्यापक शिक्षा में अनौपचारिक दृष्टिकोण का प्रचलन बहुत साल पहले हो गया था। सुविधा के लिए अध्यापक किसी भी पृष्ठभूमि को विकासात्मक संदर्भो में ऐतिहासिक तथा आधुनिक युग के एतिहासिक पृष्ठभूमि का विभाजन एवं वर्णन किया गया है, जो इस प्रकार हैं- **(क) ऐतिहासिक काल** -(1) प्राचीन काल (2500 ई. पू. से 500 ईसा पू.), (2) बौद्धकाल (500 ई. पू. से 1200 ई. पू.), (3) मध्यकाल/इस्लाम काल (1200 ई. से 1700 ई.)। (ख) **आधुनिक काल** (1) ब्रिटिश काल (1700 ई. से लेकर 1947 ई.) (2) स्वातंत्र्योत्तर कालीन काल-- 1947 से आज तक।

अध्यापक शिक्षा में गुणवत्ता

अध्यापक शिक्षा में गुणवत्ता को समझने से पहले प्रत्येक के अर्थ को बेहतर ढंग से समझना होगा तभी गुणवत्ता को समझ सकेंगे।

शिक्षा-शिक्षा व्यक्तिकरण एवं सामाजीकरण की वह प्रक्रिया है जो व्यक्ति को व्यक्तिगत उन्नति तथा सामाजोपयोगिता को बढ़ावा देती है।

अध्यापक शिक्षा - अध्यापक शिक्षा मात्र आयोजन नहीं है बल्कि वह ऐसा मिशन या आयोजन है जिसके माध्यम से आधुनिक एवं परिवर्तित अध्यापकीय भूमिका के निर्वहन के लिए दक्षता तथा कुशलता प्राप्ति हेतु व्यक्तियों को शिक्षित किया जा सके।

गुणवत्ता-"गुणवत्ता किसी उत्पाद अथवा सेवा के वे समग्र लक्षण एवं विशेषताएँ होती हैं जो उसके बारे में वर्णित अथवा निहित गुणों को पूरा करने की क्षमता रखती हैं।"

गुणवत्ता आश्वासन- आश्वासन से तात्पर्य गुणवत्ता सुनिश्चित

करने के लिए एक रचनात्मक कौशल है, जिसके द्वारा अपव्यय एवं दोषपूर्ण भागों का उत्पादन रोक दिया जाता है। जिसमें गुणवत्ता प्रदान करने के लिए रूपांकन प्रणाली का प्रयोग किया जाता है।

प्रबंधन–प्रबंधन किसी विशिष्ट उद्देश्य के लिए नियोजन, समन्वय, अभिप्रेरणा तथा नियंत्रण करने की कला है।

संपूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन–संपूर्ण गुणवत्ता से तात्पर्य है–सतत् सुधार के लिए प्रतिबद्धता और संगठन के सभी सदस्यों की भागीदारी।

शैक्षिक गुणवत्ता प्रबंधन के दो आयाम हैं–(1) गुणवत्ता और (2) आश्वासन। जब कि अध्यापक शिक्षा में गुणवत्ता आश्वासन को देखना है तो गुणवत्ता आश्वासन के विभिन्न सोपानों से होकर गुजरना होगा, जो क्रमशः यथा--

(क) **निरीक्षण-गुणवत्ता**–अध्यापक शिक्षा का गुणवत्तापूर्ण कार्यान्वयन किया जाय।

(ख) **नियंत्रण-उपलंघन** (पहचान)–अध्यापक शिक्षा के संदर्भ में जहां कमियां हैं, उनकी पहचान करना है।

(ग) **निवारण रोकथाम**–अध्यापक शिक्षा में समस्याओं का निवारण करना है।

(घ) **सतत् सुधार संपूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन**–अध्यापक शिक्षा में नियमित सुधार करके संगठन के सभी सदस्यों की भागीदारी, सतत् सुधार करके संपूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन को प्राप्त करना है।

अध्यापक शिक्षा में गुणवत्ता आश्वासन के उपागम एवं गतिविधियां:

1. गुणवत्ता निरीक्षण:

- विद्यालय में आंतरिक निरीक्षण का उत्तरदायित्व संस्था को

सौंपा जाये।

- सत्र की समाप्ति पर मूल्यांकन और पुनः सुधार हेतु सुझाव।
- सेवारत शिक्षकों एवं प्रशासकों को उनकी कमियाँ बताई जायें।
- मानव संसाधनों में कमी हो तो प्रशासकों को जाग्रत किया जाये।
- छात्र-अध्यापकों की कार्य-संतुष्टि का ध्यान रखा जाये।
- समय-समय पर छात्र-अध्यापकों, प्रशासकों एवं पर्यवेक्षकों के लिए सेमिनार, गोष्ठियां और कार्यशालाओं को आयोजन किया जाना चाहिए।
- सरकार, शिक्षा-प्रशासक, विभागाध्यक्ष, अध्यापक, अभिभावक और सामाजिक कार्यकर्ता का सहयोग समय-समय पर प्राप्त होन चाहिए।

2. गुणवत्ता नियंत्रणः

- छात्र-अध्यापकों एवं सेवारत अध्यापको का अनुपात उचित मात्रा में होना चाहिए।
- गुणवत्ता की कसौटी निश्चित की जाये।
- सेवारत अध्यापकों एवं प्रशासकों और पर्यवेक्षकों के उत्तरदायित्व निश्चित किये जायें।
- सेवारत अध्यापकों के कार्यभार का उचित बंटवारा किया जाये।
- सेवारत अध्यापकों को संस्था में सुधार हेतु अवसर प्रदान किये जायें।
- सेवारत अध्यापकों एवं प्रशासकों को सतत् सुधार के लिए प्रेरित किया जाये।
- पत्राचार के माध्यम से नियंत्रण व्यवस्था को कायम रखा

जाये।

- सरकार और अध्यापकों के बीच कार्य में किसी प्रकार की बाधा न हो।
- भौतिक एवं मानवीय संसाधन की उचित व्यवस्था हो।
- उचित समय से वित्तीय व्यवस्था की जाये।

3. गुणवत्ता आश्वासनः

- नियंत्रण हेतु अनुशासन का सख्ती से पालन करना।
- समस्या समाधान निराकरण हेतु रोकथाम पर बल देना।
- क्रियात्मक अनुसंधान के माध्यम से व्यावहारिक समाधान।
- गुणवत्ता का लेखा-जोखा तथा मूल्यांकन।
1. शिक्षण की प्रभावशीलता के लिए, 2. कौशलों के विकास के लिए, 3. शिक्षण अधिगम प्रक्रिया की सरलता के लिए, 4. ज्ञान के स्थायित्व के लिए, 5. वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास के लिए, 6. छात्रों में क्रियाशीलता का विकास, 7. नवीन शिक्षण विधियों का प्रयोग, 8. कुशल शिक्षकों के निर्माण हेतु, 9. शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में रुचि हेतु।

सारांश एवं विवेचन

अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम किसी भी देश के संविधान की भाँति उसकी आत्मा का प्रतिनिधित्व करता है। इस लेख में पाठ्यक्रम की विस्तृत एवं व्यापक रूप से चर्चा की गई है तथा समकालीन कारकों के प्रभाव का वर्णन करते हुए अनेक नवाचारों को प्रस्तुत किया गया है। हमारे देश में स्वतन्त्रता के पश्चात् पाठ्यक्रम में अनेक परिवर्तन किए गये, किन्तु मूल परिवर्तन सम्भव नहीं हो सका। अब वक्त आ गया है कि पाठ्यक्रम के दोषों को दूर किया जाये। समाज में व्यक्ति सापेक्ष पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए उसमें लोच एवं गतिशीलता को प्राधान्य दिया जाये, अन्यथा तीव्रता से विस्तारमान विज्ञान और तकनीकी के ज्ञान और हमारे समाज की बदलती सामाजिक आर्थिक स्थिति के समक्ष किसी भी पाठ्यक्रम का जीवन क्षणिक रह जाने की सम्भावना है।

यहाँ यह कहना आवश्यक होता कि विकासशील देश में शिक्षा व्यावहारिक साक्षरता व व्यावसायिक कौशल पर अधिक बल देती है। विकसित देशों में माध्यमिक शिक्षा सर्वव्यापी होने के कारण इन बिन्दुओं को निहित मानते हुए अनेक अन्य उद्देश्यों पर भी बल दिया जाता है। उनका उद्देश्य एक समृद्ध, सुसंस्कृत समाज की रचना है। एक जिज्ञासु समाज की रचना का प्रयास है। इन उद्देश्यों की भिन्नता के कारण विकसित एवं विकासशील देशों की पाठ्यचर्या में अनेक मूल्यों में भेद

हो जाता है, और यह आवश्यक भी है। किन्तु हर देश की शिक्षा का प्रयोजन एक उत्तम मानव बनाना तथा जिज्ञासु समाज की रचना है। आज आवश्यकता इस बात की है शिक्षा के स्वरूप को परिवर्तित करके उसे जन-जीवन की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं से जोड़ा जाए उसे सामाजिक परिवर्तन का एक साधन बनाया जाए। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पाठ्यचर्या राष्ट्रीय एकता, सामाजिक न्याय, उत्पादन, समाज के आधुनिकीकरण एवं सहज और आध्यात्मिक मूल्यों में योगदान प्रदान करने वाली होनी चाहिए। पाठ्यचर्या मानवीयता की ओर अग्रसर करने वाला साधन होना चाहिए। इस संदर्भ में कुछ अध्यापक शिक्षा पाठ्यचर्या नवाचारों को निम्न शब्दों में व्यक्त किया गया है–

1. पाठ्यचर्या देश के विकास से सम्बन्धित होनी चाहिए। इसका सम्बन्ध सामाजिक, सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों से होना चाहिए।

2. इस युग में किसी भी विषय का पृथक् अस्तित्व सम्भव नहीं है। विषय वस्तु के संगठन में भिन्न-भिन्न विषयों का पारस्परिक सम्बन्ध बनाए रखना चाहिए।

3. पाठ्यचर्या द्वारा विद्यार्थियों में अर्वाचीन ज्ञान का सीखना ही सब कुछ नहीं मानना चाहिए। उनमें आवश्यक कौशल के साथ-साथ अनुकूलता की योग्यता भी आवश्यक है। आशा है भविष्य में वे नवीन तकनीकी परिवर्तनों को सरलता से सह सकेंगे।

4. पाठ्यचर्या द्वारा विद्यार्थियों से प्रबुद्ध अन्तर्दृष्टि का विकास होता है तथा उनका ज्ञान सामाजिक औचित्य का प्रतिबिम्ब होता है।

5. अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा आयोग (यूनेस्को) की रिपोर्ट लर्निंग टू बी (1972) के अनुसार शिक्षा जीवन और कर्म से जुड़ी हो तथा विद्यालय के हर पक्ष इतने लचीले हो कि वे समुदाय के निकट आ सकें। इस प्रकार पाठ्यचर्या द्वारा हर छात्र-छात्रा की शिक्षा और सामाजिक जीवन एक-दूसरे के पूरक बनने चाहिए।

6. पाठ्यचर्या अधिक व्यावसायिक झुकाव के लिए होनी चाहिए।

7. पाठ्यचर्या के संगठन का मुख्य सम्बन्ध शिक्षण एवं अधिगम से होता है। इस पक्ष के लिए जीन पियाजे एवं प्रो. ब्रूनर के विचारों का उपयोग आवश्यक है। इन शिक्षाविदों के विचारों पाठ्यचर्या में अधिगम का क्रम, पदार्थों का संगठनात्मक स्वरूप, विषय-वस्तु की व्याख्या, तथा मूल्यांकन के विविध प्रकारों के निर्माण आदि में देखा जा सकता है। इनके विचार शिक्षण एवं सीखने से निहितार्थ है।

8. पाठ्यचर्या शहरी जीवन अथवा समुदाय के उपयुक्त होनी चाहिए क्योंकि पाठ्यचर्या सामाजिक जीवन को प्रतिबिम्बित करती है।

पाठ्यचर्या संरचना में मूल्यांकन एक आवश्यक नवाचार तत्त्व है जिसमें निर्माणात्मक मूल्यांकन (Formative evaluation) तथा संयुक्त मूल्यांकन (Summative evaluation) अपना-अपना महत्त्वपूर्ण स्थान रखते हैं। निर्माणात्मक मूल्यांकन द्वारा पाठ्यचर्या रचना करने वालों की सही प्रतिपुष्टि सम्भव है, जिसमें आवश्यकतानुसार उत्तमता लाई जा सके तथा उसे व्यावहारिक बनाया जा सके। संयुक्त मूल्यांकन मात्र प्रामाणिकता का साधन नहीं है, किन्तु किस सीमा तक निर्धारित उद्देश्यों की प्राप्ति हुई है, उसका लेखा जोखा उपलब्ध कराता है।

संदर्भ

1. शिक्षा में नवचिन्तन, डॉ. रामपाल सिंह, विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा, प्रथम संस्करण, 1983
2. शिक्षा में नवाचार एवं नवीन प्रवृत्तियाँ, प्रो. आर. के. चौबे, पोइन्टर पब्लिशर्स, जयपुर, 2004
3. शिक्षा में नवाचार, डॉ. विश्वनाथ बिहारी लाल, डॉ. नरेश चन्द्र त्रिपाठी, विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा
4. शैक्षिक तकनीकी एवं नवीन प्रवृत्ति, एस. पी. कुलश्रेष्ठ, विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा
5. अध्यापक शिक्षा, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुमोदित

अध्यापक-शिक्षा में प्रभावी गुणवत्ता

–गीता
शोध छात्र

शिक्षा एक व्यापक प्रक्रिया है जिसे मात्र किसी कौशल या कार्य के निष्पादन तक सीमित नहीं किया जा सकता है। यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें व्यक्ति में निहित आन्तरिक क्षमताओं का विकास समग्र रूप से करने के साथ ही वैयक्तिक, सामाजिक तथा राष्ट्रीय दृष्टि या सन्दर्भ में उपयोगी तथा संसाधान सम्पन्न व्यक्तित्व के निर्माण के लिए प्रयत्न किया जाता है।

शिक्षा मानव संसाधन व राष्ट्रीय विकास का मूल साधन है किन्तु व्यक्ति के मुक्त चिन्तन और समाज हित में व्यक्तित्व का विकास अत्यन्त महत्वपूर्ण है। शिक्षा द्वारा ही आवश्यक ज्ञान कौशल तथा अभिवृत्ति का विकास सम्भव है जिससे भावी चुनौतियों को समझने और समाधान निकालने की क्षमता अर्जित होती है। शिक्षा द्वारा शान्ति, स्वतंत्रता तथा सामाजिक न्याय जैसे आदर्शों की प्राप्ति संभव है। इसलिए शिक्षा वैधानिक व सामाजिक भूमिका में अहम् भूमिका निभाती है। आज अध्यापक-शिक्षा के क्षेत्र में सरकार के सामने गुणात्मक सुधार की सबसे बड़ी चुनौती है। यदि अध्यापकों की शिक्षा का गुणात्मक विकास नहीं होता तो उसका परिणाम भावी पीढ़ी के लिए अच्छा नहीं होगा। इससे शिक्षा का स्तर और भी गिरता है। वास्तव में शिक्षा वह है जिसमें भौतिक, सांस्कृतिक, आर्थिक व सामाजिक उद्देश्यों में सामंजस्य स्थापित हो तथा जो विद्यार्थियों को चरित्रवान् श्रमसाध्य व स्वावलंबी बनाए। इसके लिए अध्यापकों का निपुण होना अत्यन्त आवश्यक है अतः इस हेतु अध्यापक-शिक्षा की आवश्यकता होती है।

अध्यापक-शिक्षा वह शैक्षिक आयोजन या व्यवस्था है जिसमें अध्यापकों को इस प्रकार से शिक्षित करने के लिए प्रयत्न किया जाता है कि अग्रिम पीढ़ी को ज्ञान एवं मूल्यों के हस्तान्तरण के साथ ही उनके समस्त शैक्षिक एवं विकासात्मक दायित्वों को ग्रहण एवं वहन करने में वे सक्षम हो सकें तथा उनमें तकनीकी कुशलता, वैज्ञानिक चेतना, संसाधन-सम्पन्नता तथा नवाचारिता के साथ सांस्कृतिक उद्दीपन एवं मानवताबोध का समन्वयात्मक विकास करना सम्भव हो सके अर्थात् अध्यापक-शिक्षा वह आयोजन है जिसमें दक्षता प्रदान करने की व्यवस्था हो। इसके लिए सामाजिक, सांस्कृतिक, नैतिक एवं समस्त चारित्रिक मर्यादाओं के साथ ही राष्ट्रीय प्रजातान्त्रिक मूल्यों को विकसित करने के लिए सफल प्रयास करना इस आयोजन का लक्ष्य होगा। इस प्रकार अध्यापक-शिक्षा को निम्न रूप से परिभाषित किया गया है–

"अध्यापक-शिक्षा मात्र एक कार्यक्रम ही नहीं है बल्कि एक ऐसा मिशन या आयोजन है जिसके माध्यम से राष्ट्रीय सन्दर्भ में आधुनिक एवं परिवर्तित अध्यापकीय भूमिका के निर्वहन के लिए दक्षता तथा कुशलता प्राप्ति हेतु व्यक्तियों को शिक्षित किया जा सके।"[1]

प्रशिक्षण की गुणवत्ता का बड़ा संकेतक शिक्षक के लिए उसकी आवश्यकता और प्रासंगिकता है क्योंकि किसी भी राष्ट्र की प्रगति उसके अध्यापकों की गुणवत्ता पर निर्भर करती है। यही कारण है कि अध्यापन को सर्वोत्तम व्यवसाय की संज्ञा दी जाती है। इसलिए शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए शिक्षकों को व्यवसायिक रूप से तैयार करना अत्यन्त आवश्यक है। वर्तमान परिस्थितियों में परम्परावादी अध्यापक प्रवृत्तियाँ बढ़ रही हैं जबकि आधुनिक अनुदेशन के नवीन एवम् गत्यात्मक विधियों की आवश्यकता है। इसे प्रभावपूर्ण व्यावसायिक शिक्षक के द्वारा परिष्कृत किया जाना चाहिए जो अध्यापक को अध्यापन के लिए आवश्यक क्रान्ति के लिए प्रेरित करेगी तथा उसके भावी विकास के लिए आधार का कार्य करेगी।

---

1. अध्यापक-शिक्षा : डॉ.जी.सी. भट्टाचार्य, अग्रवाल पब्लिकेशन, आगरा, पञ्चम-संस्करण-2010-2011, पृ. सं.-13

गुणवत्ता को शिक्षक-शिक्षा की आत्मा घोषित करते हुए कोठारी आयोग (1964-66) ने सुझाव दिया कि-"विश्वविद्यालयों में सामान्य व पेशेवर शिक्षा के समाकलित पाठ्यक्रम पढ़ाए जाएँ, जिसमें स्वाध्याय और चर्चा तथा इंटर्नशिप के विस्तृत कार्यक्रम का महत्वपूर्ण स्थान हो।"[2]

समीक्षात्मक रूप से आचार्य राममूर्ति समिति (1990) ने कहा कि शिक्षक-शिक्षा में इंटर्नशिप का ढाँचा पूरी तरह से वास्तविक परिस्थिति में किए गए व्यावहारिक अनुभव के प्राथमिक मूल्य पर आधारित होता है जिसमें कुछ समय के लिए शिक्षण का अवसर देकर अध्यापन के गुणों के विकास का अवसर दिया जाता है। शिक्षक-शिक्षा कार्यक्रम (T.E.P.) द्वारा भी शिक्षा क्षेत्र में गुणात्मक सुधार लाना है।[3]

अधिकांश आधुनिक विद्यार्थी अध्यापकों द्वारा दिए गए ज्ञान का केवल प्राप्तकर्त्ता बनकर रह जाते हैं। वास्तविक गुणवत्ता तो 'प्रदाता' के साथ-ही-साथ 'प्राप्तकर्त्ता' की गुणवत्ता पर भी निर्भर होती है। सभी विद्यार्थी शिक्षक के लिए अपने तरीके से सीखने व भागीदारी करने के अवसर उपलब्ध कराने के लिए संभावनाएँ बनी होती है। वे केवल 'प्राप्तकर्त्ता' न बने अपितु सहभागी बने, पाठ्यचर्या बनाए और आपस में ज्ञान-कौशल का आदान-प्रदान करे। सीखने वाले की आवश्यकता के अनुसार सीखने के लिए अनुभव की संख्या व उसका स्वरूप भी बढ़ेगा। ऐसा कार्यक्रम प्रत्येक विद्यार्थी अध्यापक के लिए व्यक्तिगत तौर पर अर्थपूर्ण व समृद्धशाली होगा।

(T.E.P.) व अन्य शैक्षिक कार्यक्रमों के द्वारा पाठ्यचर्या निर्माण, सीखने वाले पर केन्द्रित सहभागिता परक उच्च प्रासंगिक बोध, व्यक्ति और समूह के तौर पर निर्धारित गति और सीखने के तरीके, निरंतर मूल्यांकन एवं फीडबैक, विद्यार्थियों के लिए व्यक्तिगत रूप से संतुष्टि,

2. शिक्षक-शिक्षा : राष्ट्रीय फोकस समूह का आधार-पत्र राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2005, 2.4 NCERT, दिल्ली, पृष्ठ-3-4
3. शिक्षा के लक्ष्य : राष्ट्रीय फोकस समूह का आधार-पत्र NCERT, 2005, 2.1, पृ.-5

आत्म-विकास में वृद्धि आदि प्रक्रमों में सम्पूर्णतावादी और अनुभवजनित तथा आत्मसातीकरण को बढ़ावा दिया जाना चाहिये। इसके साथ ही समय सीमा को बिना बढ़ाए उपलब्ध संसाधनों के भरपूर उपयोग का अवसर शिक्षक-शिक्षा सम्बन्धी गुणवत्ता को बढ़ाने का प्रयास किया जाना चाहिये।

अध्यापकों द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने का प्रयास करना चाहिये। इसके लिए अध्यापक शिक्षण से सम्बन्धित कार्यक्रम को सफलतापूर्वक प्रभावी ढंग से सम्पादित किया जाना चाहिए। अति जटिल कार्यों के लिए विशिष्ट ज्ञान, अभिवृत्ति, कौशल एवम् व्यवहार को महत्त्व दिया जाना चाहिए। सुव्यवस्थित एवम् प्रणालीबद्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम का निश्चित समय में अधिक प्रभावी ढंग से कार्य का ज्ञान करना चाहिए। अध्यापक के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण एवं सार्थक मन्तव्य यह होना चाहिए कि यह छात्रों को पढ़ाने के लिए विषय की प्रवीणता तथा विषय-वस्तु, कौशल, स्पष्टीकरण एवम् तर्कपूर्ण शृंखलाबद्ध प्रस्तुतीकरण को करना आवश्यक होना चाहिए।

अन्ततः सारांश रूप में कहा जा सकता है कि विद्यालयी शिक्षा का सीधा संबंध शिक्षक, प्रशिक्षण तथा छात्रों में उनकी प्रभाविता से होता है। यदि शिक्षक प्रभावी है तो सामान्य रूप से शिक्षा में स्वतः ही उत्तम गुणवत्ता आ जाती है। शिक्षण को प्रभावी बनाकर शिक्षक द्वारा प्रत्येक व्यक्ति प्रजातांत्रिक मूल्यों का विकास व जीवन पर्यन्त शिक्षा के समुपलभ्य संसाधनों एवं अवसरों का उपयोग करके एक जिज्ञासु समाज का स्वतंत्र एवं संवेदनशील व्यक्ति ही भारतीय समाज प्रदत्त समान शिक्षा के अधिकार को समझ सकेगा। अतः शिक्षण की पुनर्रचना में अध्यापक-शिक्षा एवं उसकी प्रभाविता का महत्त्वपूर्ण स्थान होता है।

शिक्षणशास्त्र में नवाचार

—दीपा रानी
शोध छात्र

शिक्षणशास्त्र (Pedagogy) वास्तव में कोई नया प्रत्यय नहीं है, अपितु 1960 के दशक तक इसे ''शिक्षण कला'' की पाठ्यवस्तु के रूप में बी.एड. कक्षाओं में अनिवार्य विषयों में सम्मिलित किया गया था। परन्तु 1980 के दशक में पुनः 'शिक्षण कला' अथवा शिक्षण शास; (Pedagogy) का नवीन प्रत्यय के रूप में विकास हुआ। आज शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षण शास्त्र का नवीन प्रवर्तन के रूप में अध्ययन किया जाने लगा है। शिक्षणशास्त्र की प्रकृति कलात्मक तथा वैज्ञानिक दोनों प्रकार की है। इसलिए आज फिर से शिक्षण शास्त्र को महत्व दिया जाने लगा है। इसी आधार पर शिक्षणशास्त्रीय संस्थान (Pedagogical Institute) की स्थापना होने लगी है, जिससे प्रभावी शिक्षक तैयार किये जा रहे है।

''शिक्षणशास्त्र, शिक्षण की एक प्रक्रिया तथा प्रणाली है।''

Pedagogy is a process and system of teaching.

शिक्षणशास्त्र के उत्पाद ''शिक्षक'' के विकास के लिए चार मुख्य बातें आवश्यक है। प्रथम आवश्यकता मानसिक विकास करना और अतीत के अनुभवों का विश्लेषण करके उनके महत्व को समझना है। द्वितीय आवश्यकता है कि पाश्चात्य विकास को ध्यान में रखा जाए। आलोचनात्मक कौशल का विकास किया जाए, जिसमें संस्थाओं की गतिशीलता को समझ सके। समाज के शक्ति के स्वरूप अपनी क्रियाओं हाव-भाव के अनुरूप सम्पादन कर सके और समुचित विधियों तथा प्रविधियों का चयन करके उपयोग कर सके। कक्षा में ऐसी परिस्थितियों का सृजन किया जाए, जिससे समय के अनुरूप योग्यताओं एवं कौशलों

को विकसित कर सके। तृतीय आवश्यकता के रूप में शिक्षकों के लिए आवश्यक है कि भाषा की कल्पना तथा उसके स्वरूप की योग्यता होनी चाहिए। शिक्षण की प्रक्रिया में सम्प्रेषण की सक्षमता (Communicative competency) सबसे अधिक महत्व रखती है। प्रभावशीलता का यह महत्वपूर्ण घटक होता है। यह सक्षमता समाज की सामाजिक आवश्यकताओं के अनुरूप होनी चाहिए। सम्प्रेषण की सक्षमता आदर्शों के अनुरूप होनी चाहिए। अध्यापक को छात्रों के सामाजिक कौशलों का विकास करने की आवश्यकता है, जिससे वह सामाजिक न्याय के प्रति जागरूक हो सके एवं उसमें प्रजातांत्रिक जीवन के मूल्यों का विकास हो सके।

अध्यापकों की ''चतुर्थ आवश्यकता'' होती है कि योजनाओं का नियोजन करके उनका सम्पादन करें।

शिक्षण शास्त्र का प्रमुख कार्य प्रभावी शिक्षकों का निर्माण करना है तथा उपरोक्त शिक्षक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शिक्षणशास्त्र का उत्तरदायित्व ओर भी अधिक बढ़ जाता है। शिक्षक तथा शिक्षा दोनों ही समुन्नत राष्ट्र की आधारशिला होती है। अतः राष्ट्र के विकास हेतु शिक्षणशास्त्र में नवाचारों का प्रयोग आवश्यक ही नहीं अपितु अनिवार्य भी है।

शिक्षणशास्त्र में नवाचार

''नवीन तथा आधुनिक प्रवृत्तियों का प्रयोग ही नवाचार है।'' नवाचार ऐसे विषय की ओर संकेत करता है जो प्राचीन पद्धतियों से भिन्न तथा आधुनिकता से सम्बद्ध होता है। अतः ''शिक्षण पद्धतियों में नवीन प्रवृत्तियों का प्रयोग ही शिक्षणशास्त्र में नवाचार है।'' नवाचार के दो रूपों में विभक्त किया जा सकता है।

(1) सैद्धान्तिक नवाचार (2) संगठनात्मक/प्रायोगिक नवाचार।

सैद्धान्तिक नवाचार—सैद्धान्तिक नवाचार से तात्पर्य शिक्षा तथा शिक्षण में प्रयोग की जाने वाली नवीन शैक्षिक नीतियों से है। जिसमें तकनीकीयन्त्रों का महत्व नहीं होता। जैसे—C.C.E.P सतत् मूल्यांकन

परीक्षा, सत्रीय परीक्षा, तथा शिक्षा का अधिकार आदि।

संगठनात्मक/प्रायोगिक नवाचार–संगठनात्मक अथवा प्रायोगिक नवाचार से तात्पर्य शिक्षा अथवा शिक्षण में यान्त्रिक शिक्षण विधियों के प्रयोग से है। प्रायोगिक नवाचारों को भी दो भागों में बाँटा जा सकता है (1) आधुनिक नवाचार तथा (2) अत्याधुनिक नवाचार। आधुनिक नवाचार के अन्तर्गत आकाशवाणी, दूरदर्शन, टेपरिकार्डर, व्यक्तिनिष्ठानुदेशन प्रणाली, अभिक्रमितानुदेशन, कम्प्यूटर, प्रणाली उपागम आदि।

अत्याधुनिक नवाचार आधुनिक 3G की अवधारणा से अभिप्रेरित है इसके अन्तर्गत निम्नलिखित नवाचार प्रयुक्त किए जा सकते है।

* **ई-अधिगम**–कम्पयूट में मोडेम् तथा दूरभाष के संयोजन द्वारा इन्टरनेट में विद्यमान सभी समाचार सूचनाएँ आदि उपलब्ध हो जाती है। E-mail के द्वारा विचार विनिमय का लिखित रूप भी सम्भव हो जाता है तथा इससे शिक्षण सुसाध्य हो जाता है। विडियो कान्फ्रेन्स के द्वारा कक्षा शिक्षण सुलभ होता है। इस प्रकार का शिक्षण ई-अधिगम कहलाता है।

* **एम अधिगम**–आधुनिक शिक्षा पद्धति में m learning के सम्प्रत्यय को भी देखा जा सकता है। एम अधिगम से तात्पर्य से मोबाइल द्वारा शिक्षण इसके अन्तर्गत Text messege, multimedia msg, Audio talk तथा Vedio chat, Vedio call आदि के माध्यम से भी शिक्षण को प्रभावी तथा रोचक बना सकते है।

* **Smart class**—इसके अन्तर्गत छात्रों को P.P.T. तथा O.H.P. आदि माध्यम से सुलभ शिक्षण प्रदान किया जाता है।

उपरोक्त नवाचारों के माध्यम से निःसन्देह शिक्षण को प्रभावी बनाया जा सकता है। तथा शिक्षण में इनके प्रयोग से पूर्वोक्त शिक्षक आवश्यकताओं को भी पूरा किया जा सकता है।

यद्यपि विगत वर्षों में भारत देश ने अभूतपूर्व विकास किया है

तथापि जनसंख्याधिक्य इस देश में अत्याधुनिक नवाचार तथा आधुनिक नवाचारों का प्रयोग सभी विद्यालयों तथा स्तरों के लिए करना कठिन है। फिर भी भारत सरकार द्वारा कई ऐसी नीतियों को कार्यान्वित करने का प्रयास किया गया है जिससे शिक्षण में आधुनिक तथा अत्याधुनिक नवाचारों का प्रयोग सम्भव हो पाएगा। जैसे "टेबलेट" पी.सी. तथा "आकाश" आदि। किन्तु नवाचारों के संगठनात्मक/प्रायोगिक रूप की अपेक्षा सैद्धान्तिक नवाचारों का प्रयोग व्यापक तथा व्यावहारिक रूप में अधिक किया जा सकता है।

अन्त में सुझाव रूप में यह कहा जा सकता है कि शिक्षणशास्त्र में नवाचारों का प्रयोग नितान्त अनिवार्य है। शिक्षक आधुनिक नवाचारों से युक्त शिक्षण पद्धतियों का प्रयोग करें जिससे छात्रों को सरल व्यावहारिक अवबोध तथा अधिगम प्राप्त हो सके। तथा मुख्य रूप से सैद्धान्तिक नवाचारों के अन्तर्गत शिक्षाविदों द्वारा ऐसी नीतियों का निमाण किया जाए जिससे शिक्षण को व्यापक व्यावहारिक तथा प्रभावी बनाया जा सके और यह तभी सम्भव हो पाएगा जब शिक्षणशास्त्रीय संस्थानों में नवाचार के विषय के रूप में हो जहाँ नवाचारों के सैद्धान्तिक तथा प्रायोगिक दोनों रूपों का सकारात्मक तथा व्यावहारिक अध्ययन हो सके।

अध्यापक शिक्षा में ई-अधिगम की महत्ता

–चेतन वेदिया
शोध छात्र

ब्रह्मानन्दं परमसुखदं केवलं ज्ञानमूर्तिम्,
द्वन्द्वातीतं गगनसदृशं तत्त्वमस्यादिलक्ष्यम्।
एकं नित्यं विमलमचलं सर्वधीसाक्षिभूतम्,
भावातीतं त्रिगुणरहितं सद्गुरुं तं नमामि।

(स्कन्दपुराणम्)

भारतीय संस्कृति सदैव गुरुओं की महिमा से निनादित रही है। यह ही वह संस्कृति है जहाँ गुरु को साक्षात् ईश्वर के रूप में प्रतिष्ठा दी गई है। जिस प्रकार ज्ञान का विकास होता रहा उसी प्रकार ज्ञानोपार्जन व ज्ञान सम्प्रेषण की विधा का विकास होता गया। समय के साथ शिक्षा ने अपने कई मौलिक लक्ष्य बदले तो वहीं शिक्षा प्रदान करने के अभिकरणों में भी पर्याप्त परिवर्तन देखने को मिला। शिक्षा की प्रक्रिया में एक नूतन शाखा का विकास हुआ, जो थी अध्यापक शिक्षा (Teacher Education)। समय के सातत्यता के अनुसार गुरुओं के ज्ञान सम्प्रेषण की विधा में भी पर्याप्त परिवर्तन आया। प्राचीन काल से ही गुरु शिक्षण के द्वारा जिज्ञासा तृप्ति, ज्ञान प्राप्ति में सहायता, स्वतन्त्र चिन्तन की प्रेरणा, ध्यान केन्द्रण में सहायता, दशा-सुधार, विचारों की अस्पष्टता दूर करने में सहायता, शब्दों व अर्थों का सही विश्लेषण, वास्तविक सत्य की खोज व जीवन के विभिन्न पक्षों से जुड़ी जानकारी प्रदान करता आ रहा है। अध्यापकीय शिक्षा ने भी विभिन्न कालों में प्राचीन कालीन अध्यापकीय शिक्षा (लगभ्र 2500 ई. पू. 500 ई. पू.) से स्वातन्त्र्योत्तर भारतीय अध्यापकीय शिक्षा के समस्त रूपों को जीया है। समय के

अनुसार परिवर्तमान विश्व में एक नई क्रांति का आगाज हुआ और यह क्रान्ति थी **प्रौद्योगिकी क्रान्ति**। प्रौद्योगिक क्रान्ति का विस्तार इतने व्यापक रूप में हुआ कि आज यह आधुनिकता का पर्याय बन गई है। संसार की सभी शाखाओं को समयानुसार जीवित रहने के लिए इस शाखा का प्रश्रय लेना ही पड़ा और ज्ञान की शाखा भी इससे अछूती नहीं रही। शिक्षणाधिगम रूपी संसार में इस परिवर्तन का न केवल समुचित स्वागत किया गया अपितु इसे व्यापकार्थ में लाने के लिए शैक्षिक प्रक्रिया में समुचित स्थान भी प्रदान किया गया। यह वही शाखा जो आज अन्तर्जालीय अधिगम, ई-अधिगम या ई-लर्निंग के नाम से प्रसिद्ध हुई। प्रौद्योगिकी क्रान्ति में कम्प्यूटर का इतना प्रभाव पड़ा कि आज शैक्षिक उत्थान के लिए यह अनन्यतम आवश्यकता बन गई है।

ई-लर्निंग अनिवार्य रूप से कौशल एवं ज्ञान का कम्प्यूटर एवं नेटवर्क समर्थित अन्तरण है, ई-लर्निंग इलेक्ट्रॉनिक अनुप्रयोगों और सीखने के प्रक्रियाओं के उपभोग को संदर्भित करता है, ई-लर्निंग के अनुप्रयोगों और प्रक्रियाओं में वेब-आधारित शिक्षा, कम्प्यूटर-आधारित शिक्षा, आभासी कक्षाएँ और डिजीटल सहयोग शामिल है। पाठ्य-सामग्रियों का वितरण इंटरनेट, इंट्रानेट/एक्स्ट्रानेट, ऑडियो या वीडियो टेप, उपग्रह, टी वी और सीडी-रोम (CD-ROM) के माध्यम से किया जाता है। इसे अपने आप या अनुदेशक के नेतृत्व में किया जा सकता है और इसका माध्यम पाठ, छवि, एनीमेशन, स्ट्रीमिंग वीडियो और ऑडियो है।

ई-लर्निंग के समानार्थक शब्दों के रूप में सीबीटी (CBT) (कम्प्यूटर आधारित शिक्षण) आईबीटी (IBT) (इंटरनेट आधारित शिक्षण) या डब्ल्यूबीटी (WBT) (वेब आधारित शिक्षण) जैसे संक्षिप्त शब्द रूपों का इस्तेमाल किया जा सकता है।

शिक्षार्थियों की सुविधा एवं नम्यता कई परिस्थितियों में ई-लर्निंग खुद से भी किया जाता है और इसका शिक्षा सत्र 24x7 उपलब्ध रहता है। शारीरिक रूप से कक्षाओं में भाग लेने के लिए शिक्षार्थी किसी विशेष दिन/समय के अधीन नहीं होते हैं। वे अपनी सुविधानुसार शिक्षा सत्रों को

कुछ देर के लिए रोक भी सकते हैं सभी ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के लिए उच्च प्रौद्योगिकी की आवश्यकताा नहीं होती है। इसके लिए आम तौर पर केवल बुनियादी इंटरनेट उपयोग, ऑडियों और वीडियो की जानकारी होना ही काफी है। प्रयोग किए जाने वाले प्रौद्योगिकी के आधार पर छात्र काम के वक्त भी अपना पाठ्यक्रम शुरू कर सकते हैं और इस पाठ्यक्रम को किसी दूसरे कम्प्यूटर पर अपने घर में भी पूरा कर सकते हैं।

21वीं सदी में शिक्षार्थियों के अनुशासन, पेशे या कैरियर में आवश्यक डिजीटल साक्षारता कौशल की मौजूदगी को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कौशल एवं क्षमताओं को विकसित करना है। ई-लर्निंग के हित में एक प्रमुख तर्क यह है कि यह पाठ्यक्रम के भीतर सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकियों के उपयोग को अन्तःस्थापित कर ज्ञान के आधार पर काम करने वाले लोगों के लिए आवश्यक कौशल को विकसित करने में शिक्षार्थी को समर्थ बनाता है। हम यह भी तर्क दे सकते हैं कि इस तरह से ई-लर्निंग के उपयोग में शिक्षार्थियों के पाठ्यक्रम डिजाइन और मूल्यांकन का प्रमुख आशय निहित होता है।

कई उच्च शिक्षा अर्थात् लाभकारी संस्थान अब ऑनलाइन कक्षाओं की सुविधा प्रदान करते हैं। इसके विपरीत निजी और गैर लाभकारी स्कूलों में से लगभग आधे स्कूल ही यह सुविधा प्रदान करते हैं। अकादमिक नेताओं के एक सर्वेक्षण के आधार पर स्लोन की रिपोर्ट से पता चलता है कि आम तौर पर पारम्परिक कक्षाओं की तुलना में अपने ऑनलाइन कक्षाओं से छात्रों को बहुत कम संतुष्टि प्राप्त होती है। हो सकता है कि निजी संस्थान इन ऑनलाइन प्रस्तुतियों में और रुचि लेने लगें क्योंकि इस तरह की प्रणाली के संस्थापन की लागत कम होती है। छात्रों के साथ ऑनलाइन काम करने के लिए अच्छी तरह से प्रशिक्षित कर्मियों को ही काम पर रखना चाहिए। इन कर्मचारियों को सामग्री क्षेत्र को समझने की जरूरत है और इन्हें कम्प्यूटर एवं इंटरनेट के उपयोग के मामले में भी बहुत ज्यादा प्रशिक्षित होने की जरूरत है। ऑनलाइन शिक्षा तेजी से बढ़ रही है और प्रमुख शोध विश्वविद्यालयों में ऑनलाइन

शिक्षा का विकास किया जा चुका है।

ई-लर्निंग शब्द सीएससीएल (CSCL), प्रणालियों का एक नवनिर्मित प्रयोग है जिसकी उत्पत्ति वेब 2.0 के उद्भव के दौरान हुई थी। अगर ई-लर्निंग 2.0 के नजरिए से देखा जाए तो पारम्परिक ई-लर्निंग प्रणालियाँ अनुदेशात्मक पैकेटों पर आधारित थी। जिन्हें इंटरनेट प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल करने वाले छात्रों को वितरित किया जाता था। छात्र की भूमिका में पठनीय सामग्रियों से शिक्षा ग्रहण करना और सौंपे गए कामों की तैयारी करना शामिल था। इन कामों का मूल्यांकन शिक्षक करते थे। इसके विपरीत नई ई-लर्निंग प्रणालियों के तहत सामाजिक शिक्षा और सामाजिक सॉफ्टवेयर जैसे ब्लॉग, विकी, पॉडकास्ट एवं आभासी विश्व, जैसे-सेकंड लाइफ (दूसरा जीवन) के इस्तेमाल पर और अधिक जोर दिया जाता है। आभासी कक्षा के वातावरण बनने के अलावा ये सामाजिक नेटवर्क ई-लर्निंग का एक महत्त्वपूर्ण भाग बन गए हैं। परीक्षण की तैयारी एवं भाषा शिक्षा जैसी विविध विषयों के इर्द-गिर्द ऑनलाइन शिक्षा समुदायों को प्रोत्साहित करने के लिए सामाजिक नेटवर्कों का इस्तेमाल किया जाता है। मिश्रित शिक्षा सेवाओं की एक प्रवृत्ति होती है जहाँ कम्प्यूटर आधारित गतिविधियों को व्यावहारिक या कक्षा आधारित परिस्थितियों के साथ एकीकृत किया जाता है।

वर्तमान में प्रौद्योगिकी व कम्प्यूटर एक दूसरे के पूरक है। शिक्षा में कम्प्यूटर का निवेश आज समय की माँग है। कम्प्यूटर आधारित शिक्षा जिसे कभी-कभी संक्षेप में सीबीएल (CBL) भी कहा जाता है। शैक्षिक वातावण के एक मुख्य घटक के रूप में कम्प्यूटर के उपयोग को संदर्भित करता हैं। जबकि यह एक कक्षा में कम्प्यूटरों के इस्तेमाल को संदर्भित कर सकता है। यह और अधिक व्यापक तौर पर एक संरचनात्मक वातावरण को संदर्भित करता है। जिसमें अध्यापन के प्रयोजनों के लिए कम्प्यूटरों का इस्तेमाल किया जाता है। इस अवधारणा को आम तौर पर उन मायनों में कम्प्यूटरों के इस्तेमाल से अलग रूप में देखा जाता है। जहाँ शिक्षा कम से कम अनुभव का एक परिधीय

तत्त्व हैं

वर्तमान समय में जब शिक्षण के प्रजातान्त्रिक पक्ष पर अत्यन्त बल दिया जाता है तो आवश्यक है कि अध्यापक शिक्षा में उन सभी पक्षों का सन्निवेश हो जो शिक्षण को मनोरञ्जनात्मक, रुचिकर व प्रभावी बनाने में सहयोग दे सके। सीबीटी (CBT) मुद्रित शिक्षा सामग्रियों का एक अच्छा विकल्प हो सकता है क्योंकि शिक्षा में वृद्धि करने के लिए वीडियो या एनीमेशन संपन्न माध्यम को बड़ी आसानी से अंत:स्थापित किया जा सकता है। सीबीटी का एक और लाभ यह भी है कि एक बार आरंभिक विकास कार्य पूरा हो जाने पर इन्हें व्यापक दर्शकों को अपेक्षाकृत कम लागत पर आसानी से वितरित किया जा सकता है।

ई-लर्निंग स्वाभाविक रूप से दूरस्थ शिक्षा एवं नम्य शिक्षा के लिए अनुकूल होता है, लेकिन आमने-सामने या प्रत्यक्ष अध्यापन के साथ भी इसका प्रयोग किया जा सकता है, इस मामले में आम तौर पर 'मिश्रित शिक्षा' शब्द का इस्तेमाल किया जाता है। ई-लर्निंग के अग्रदूत 'लेस्किन' कहते हैं कि 'ई' की व्याख्या या अनुवाद इस तरह से किया जाना चाहिए कि इसका अर्थ एक परम्परागत राष्ट्रीय व्याख्या या अनुवाद के रूप में 'इलेक्ट्रॉनिक' के अतिरिक्त रोमाञ्चक (Entertain), ऊर्जावान (Energetic), उत्साही (Enthusiasm), भावुक (Emotional), विस्तृत (Elaborate), उत्कृष्ट (Excellent) एवं शैक्षिक (Educational) शैक्षिक शब्दार्थ के रूप में निकले इस तरह की विस्तृत व्याख्या इक्कीसवीं सदी के अनुप्रयोगों की अनुमति प्रदान करती है तथा शिक्षा एवं मीडिया मनोविज्ञान को समानता के स्तर पर लाकर खड़ा कर देता है। इसत तरह शैक्षिक प्रबन्धन व शैक्षणिक सामग्री प्रबन्धन अध्यापक शिक्षा का महत्त्वपूर्ण अंग बन गया है। जो E-learning, शैक्षिक रिकॉर्ड प्रबन्धन व ऑनलाइन शिक्षा सामग्री यथा-संलेखन, संपादन, सूचीकरण उपलब्ध कराता है।

प्रस्तुत पत्र में दिये हुए संकलनात्मक व तथ्यात्मक साक्ष्यों के आधार पर वैश्विक शिक्षा व्यवस्था में E-learning शिक्षा का विशिष्टतम अंग साबित हुआ है। अध्यापकीय शिक्षा में ई-अधिगम एक अनन्यतम आवश्यकता है।

अध्यापक शिक्षा का उपार्जनोन्मुखीकरण

–मायाराम उनियाल
शोध छात्र

शिक्षा माँ सरस्वती का दिया एक ऐसा वरदान है, जो हमारे भविष्य को संवारता है तथा हमें संस्कारवान् बनाकर एक जिम्मेदार नागरिक बनाता है। यह देवी व्यक्ति को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं वरन् व्यावहारिक ज्ञान भी देती है। भारतीय परम्परा में इस बात का ज्वलन्त और प्रत्यक्ष प्रमाण है कि सहस्राब्दियों पूर्व भी हमारे यहाँ उत्कृष्टतम चिन्तन, विद्या–साधन और श्रेष्ठतम शिक्षा व्यवस्था थी। निर्विवाद रूप से मानव के पुस्तकालय की सर्वप्रथम पुस्तक के रूप में सम्मानित 'ऋग्वेद' ही है। वस्तुतः शिक्षा मानव में निहित पूर्णता की अभिव्यक्ति है। अतः शिक्षा जीवन के मार्ग पर आने वाली समस्त समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करती है।

भारतीय परम्परा में गुरु शब्द को विविध विशेषण देकर ईश्वरवत् माना है। आदि काल से लेकर आधुनिक काल तक की यात्रा में मानव के सर्वांगीण विकास हेतु गुरु की महत्ता सर्वत्र प्रतिपादित है। शिक्षा जगत में गुरु को अध्यापक, शिक्षक आदि नामों से भी पुकारा जाता है।

शिक्षण–कार्य समस्त कार्यों में पवित्रतम और परमावश्यक माना जाता है क्योंकि ज्ञानदान के समान इस संसार में कोई भी परहिताय निर्दिष्ट कर्म नहीं है। यह शिक्षण की प्रक्रिया निश्चयेन अध्यापक शिक्षा पर ही निर्भर है। शिक्षा की इस अवधारणा को दृष्टिगत करते हुए प्राचीन समय में ज्ञानी गुरुओं द्वारा अपने शिष्य को शिक्षा दी जाती थी और अब अध्यापक द्वारा छात्रों को शिक्षा दी जाती है।

विद्यालय समाज का लघु एवं गतिशील सामुदायिक केन्द्र है जिसका आधार सद्भावना है, समाज परिवर्तन की प्रक्रिया का जन्म भी

विद्यालय से ही होता है। अतः **विद्यालय ही वह साधना केन्द्र है जिसमें देश के भाग्य का उदय होता है** और अध्यापक शिक्षा ही वह माध्यम है जिसके कारण भावी अध्यापकगण कौशलों तथा तकनीकों से परिचित हो सकते हैं।

यहाँ पर एक बात यह भी विचारणीय है कि पश्चिम देशों की भांति हमारे देश में भी व्यक्तिवाद बढ़ रहा है। व्यक्ति जितना अधिक शिक्षित होता जाता है उतना ही वह समाज से दूर होता चला जाता है। इस प्रकार वह समाज की समस्याओं और उत्थान में रुचि नहीं लेता है आज बौद्धिक एवं यान्त्रिक विकास हो रहा है और इस यान्त्रिक विकास की प्रक्रिया में समाज में बिखराव देखने में आता है। पारिवारिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों में ह्रास होने के कारण नई और पुरानी पीढ़ी में तनाव दृष्टिगत होता है। जीवन मूल्यों में तालमेल न होने के कारण नवयुवक परम्परागत जीवन धारा से अलग हो जाते हैं अतः वर्तमान परिस्थितियों में यह आवश्यक है कि अध्यापक शिक्षा में जीवन मूल्यों पर आधारित नैतिक शिक्षा सम्मिलत की जाये जिससे देश का भविष्य नैतिकता से संवलित हो और इसके साथ ही अध्यापक का आचरण भी आदर्श होना चाहिए। शिक्षक व्यवहार की प्रकृति बहुविध एवं बहुआयामी होने के कारण अधिक मूल्यवान और व्यावहारिक होते हुए भी अधिगमकर्ता के लिए ग्रहण योग्य बनती है।[1]

मनु से लेकर महात्मा गाँधी तक भारत में तथा सुकरात से लेकर जॉन ड्यूवी तक पश्चिम में शिक्षा के क्षेत्र में अनेक अभूतपूर्व परिवर्तन हुए लेकिन जब भी भारतीय अध्यापक शिक्षा को प्रायः आजीविकामूलक बनाये जाने के विषय में चर्चा की जाती है तो उसका आशय इसे अवश्य ही उपार्जनोन्मुखीकृत करना होता है। उपार्जन उन्मुख बनाये जाने का तात्पर्य इसके व्यवसायीकरण से कदापि नहीं है बल्कि किसी शिक्षा प्रणाली के माध्यम से शिक्षित-प्रशिक्षित होने वाले व्यक्तियों को स्वयं उपार्जन करके या रोजगार करने के लिए सक्षम बनाना होता है।

---

1. नैड फ्लिण्डर्स (1963)

विकसित राष्ट्र जैसे संयुक्त राष्ट्र अमेरिका में अध्यापक शिक्षा को मात्र एक उपार्जन उन्मुख विषय के रूप में महत्त्व प्रदान किया जाता है। जबकि शिक्षाशास्त्र को एक महत्त्वपूर्ण शैक्षिक विषयवस्तु के रूप में स्वीकृति दी जाती है। **शिक्षाशास्त्र यदि सैद्धान्तिक अवयव है तो अध्यापक शिक्षा उसका व्यावहारिक या अनुप्रयुक्त भाग (Aspect) माना जाता है।**

शिक्षा का वास्तविक लक्ष्य आत्मा का विकास करना है। यदि शिक्षा चरित्र के विकास में मजबूती नहीं लाती, आत्मा को विशुद्ध नहीं करती, नवयुवकों के लिए आदर्शवाद प्रस्तुत नहीं करती, मात्र आजीविका के लिए योग्य बनाती है तो शिक्षा अधूरी है, तब यह कहा जायेगा कि शिक्षा प्रणाली में जंग सी लगी हुई है।

जिस प्रकार एक चिड़ियाघर में सभी पशु पक्षियों को एक सा भोज्य पदार्थ घास आदि देकर उन्हें जीवित नहीं रखा जा सकता उसी प्रकार समस्त छात्रों को कक्षाकक्ष में एक ही शिक्षण विधि द्वारा अधिगम नहीं कराया जा सकता। फलस्वरूप अधिकांश विद्यार्थियों की कुछ कालावधि पश्चात् शैक्षणिक मृत्यु हो जायेगी। अतः अध्यापकों की शिक्षा इस प्रकार होनी चाहिए कि व्यक्तिगत-भिन्नताओं को ध्यान में रखते हुए समान रूप से ज्ञान का आदान-प्रदान हो। साथ ही अध्यापक शिक्षा में अध्यापक एवं छात्रों का अन्तः सम्बन्ध भी मधुर होना चाहिए। इसके लिए अन्तर्क्रियात्मक परिवेश का निर्माण भी होना चाहिए। क्योंकि शिक्षक व्यवहार आकलनात्मक होता है। शिक्षक व्यवहार विश्लेषणात्मक होता है।

अतः अध्यापक शिक्षा में कौशलगत एवं तकनीकी ज्ञान प्रदान करना आवश्यक है। इसलिए शिक्षा का आधुनिकीकरण होना परम आवश्यक है। इसमें दक्षता, दायित्त्व, प्रतिबद्धता, व्यवहारगत कुशलता आदि आवश्यक है।[2]

---

2. Not Gold but only men can make a Nation Great & Strong

इसलिए शिक्षा को समाजोपयोगी बनाने के लिए समय–समय पर शिक्षा का स्वरूप परिवर्तित होता रहता है। आधुनिक विश्व को दृष्टि पथ में रखते हुए जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अभिनव परिवर्तन अपेक्षित हैं और अध्यापक शिक्षा को उन्नत एवं सार्वभौम बनाने के लिए शिक्षा संस्थानों को भी पाठ्यक्रम में अपेक्षित परिवर्तन करने चाहिएं।

संदर्भ

1. शिक्षा की आवश्यकतायें — डॉ. नरेश कुमार
2. अध्यापक शिक्षा — डॉ. जी. सी. भट्टाचार्य
3. अध्यापक शिक्षा में प्रायोगिक कार्य — प्रो. एम. के. शर्मा
4. शिक्षा एवं भारतीय समाज — डॉ. रामपाल सिंह वर्मा
5. शैक्षिक प्रगति विशेषांक — डॉ. रामशकल पाण्डेय (सम्पादक)

भारतीय शिक्षा के परिप्रेक्ष्य में अध्यापक शिक्षा कल, आज और कल

–विवेक कुमार तिवारी

शोध छात्र

शिक्षा का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य मानव की उत्तरोत्तर उन्नति को प्रदर्शित करता है। पुराकाल के पाषाणयुग से लेकर वर्तमान काल के नैनो प्रौद्योगिकी तक की महायात्रा का मूलाधार शिक्षा ही है। शिक्षा प्रदान करने का कार्य अध्यापक के द्वारा किया जाता है जो अपने अन्दर आत्मसात किये हुए ज्ञान व अनुभव को विभिन्न पद्धतियों तकनीकियों आदि द्वारा अत्यन्त सरल व सहज रूप में छात्रों के समक्ष प्रस्तुत करता है जिसको अधिगमित कर छात्र विकासपथ पर अग्रसर होता है इस प्रकार अध्यापक का स्थान अत्यन्त श्रेष्ठ माना गया है अतः अध्यापकों के प्रशिक्षण की आवश्यकता के आधार पर भारतीय शिक्षा के सन्दर्भ में प्राचीन काल से ही इस क्षेत्र में कार्य प्रारम्भ किए गए जो धीरे-धीरे विकसित होकर वर्तमान में अपने मूर्त रूप में है। भारतीय शिक्षा के परिप्रेक्ष्य में अध्यापक शिक्षा की भूतकालिक, वर्तमानकालिक तथा भविष्यकालिक स्थितियों पर निम्नप्रकार से प्रकाश डाला जा सकता है।

प्राचीनकाल अथवा वैदिक काल–

सर्वप्रथम ईसा पूर्व 2500 से लेकर ईसा पूर्व 500 तक को विस्तृत अवधि को विभिन्न विद्वानों ने प्राचीनकाल की संज्ञा से अभिहित किया है। इस काल में शिक्षा वैदिक ज्ञान की प्राप्ति से सम्बद्ध होने के साथ ही उस पर समाज के श्रेष्ठ लोगों विशिष्टतया ब्राह्मण वर्ग का आधिपत्य था। मनुस्मृति में आचारयुक्त ब्राह्मण को हीं सम्पूर्ण फल को प्राप्त करने वाला बताया गया है–

"आचारेण तु संयुक्तः सम्पूर्ण फल भाग भवेत्।"[1]

अध्ययन-अध्यापन का मुख्योद्देश्य वेदाध्ययन करना ही था।

अध्यापक शिक्षा के विषय में कोई स्पष्ट प्रमाण उपलब्ध नहीं होने के कारण निश्चयपूर्वक कुछ भी कहना सम्भव नहीं है। वर्णाश्रम व्यवस्था के प्रचलन के कारण गुरूकुल में रहकर ज्ञानार्जन करने वाले श्रेष्ठ तथा योग्यतम शिष्य को शिक्षण कार्य करने का दायित्व सौंपा जाता था। गुरू वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन के आधार पर श्रेष्ठतम शिष्य को अध्यापक के रथ में चयनित करता था न कि परम्परा के अनुसार पीढ़ी-दर-पीढ़ी पिता-पुत्र। गुरू द्वारा योग्य शिष्य को पुत्र के समान मानते हुए उसको श्रेष्ठ स्थान दिया जाता था जिसका उदाहरण है गुरू द्रोणाचार्य ने अपने पुत्र अश्वत्थामा को नहीं प्रत्युत् शिष्य अर्जुन को सर्वश्रेष्ठ धनुर्धर बनाया।

अथर्ववेद के अनुसार गुरू अपने गर्भ में शिष्य को तीन रात्रि तक रखकर कलुषित संस्कारों से मुक्त कर ज्ञान प्रदान करता था-

"आचार्य उपनयमानो ब्रह्मचारिणं कृणुते गर्भयन्तः।
तं रात्रितिस्र उदरे विभर्ति तं जातं दुष्टुभभिसंयन्ति देवाः॥[2]

श्रुति व स्मृति पर आधृत होने से तत्कालीन विद्या गुरूमुखी मानी जाती है। अथर्ववेद में गुरू को ज्ञान का अथाह सागर मानते हुए शिष्य को पृथ्वी से आकाश तक की छिपी शक्तियों का ज्ञान कराने वाला अद्वितीय व्यक्ति कहा गया है-

"आचार्यस्ततक्ष नभसि उभे इमे।
उर्वी गम्भीरे पृथिवी दिवं च॥"[3]

वेदाध्यायी एवं वेदाध्यापक दोनों के लिए ब्राह्मण होना मनुसंहिता में आवश्यक माना गया। वर्ण के स्थान पर जाति का प्रादुर्भाव हुआ, कर्मणा

1. मनुस्मृति-1/109
2. अथर्ववेद-11/5/3
3. अथर्ववेद-11/5/8

निर्दिष्ट वर्ण जन्मना निर्दिष्ट जाति में परिवर्तित होने लगा। ब्राह्मण के अधीन वेदों के अभ्यास, शास्त्रार्थ, आलोचना तर्क इत्यादि शैक्षिक क्रियाकलाप रहने के कारण कर्मणा शिक्षक के स्थान पर जन्मना।

बौद्धकाल–

लगभग 501 ई.पू. से 1200 ई. के कालखण्ड में बुद्ध की धार्मिक शिक्षाओं को प्रसारित करने के लिए योग्य एवं प्रशिक्षित व्यक्तियों की आवश्यकता का अनुभव किया जाने लगा। प्राचीन काल में शिक्षा की वंचित जातियों को भी इस काल में विद्याध्ययन की अनुमति दी जाने लगी। सर्वप्रथम औपचारिक रूप से धार्मिक शिक्षा के लिए शिक्षकीय प्रशिक्षण की व्यवस्था इस कालावधि में की गई। जातिभेद विहीन समाज की स्थापना को बौद्ध धर्म में अधिक महत्त्व दिया गया जिसमें सबको भिक्षु बनने के योग्य माना जाने लगा।

प्रव्रज्या, पबज्जा तथा उपसम्पदा जैसे संस्कारों के मध्यवर्ती काल में विद्याभ्यास पूर्ण होने के बाद दो आचार्यों की देखरेख में अध्यापन हेतु प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाती थी। वरिष्ठता व श्रेष्ठताधार पर आचार्य अथवा उपाध्याय स्तरीय योग्यतार्जन के बाद ही भिक्षुओं को अध्यापन हेतु अधिकार प्राप्त हो पाता था। आचार्यों की अध्ययन–अध्यापन में सहायता करने वाले संघों के वरिष्ठ व योग्यतम छात्र को पित्थिचार्य अर्थात् सहायक शिक्षक के रूप में देखा जाता था इसी अग्रशिष्य प्रणाली को (Monitorial System) इस काल में औपचारिक अध्यापक शिक्षा के रूप में सर्वप्रथम स्वीकृति दी गई। यद्यपि बौद्धकालीन अध्यापक शिक्षा से सम्बन्धित प्रणाली काा विशेष योगदान विद्यालयीय शिक्षा और सामाजिक जीवन के संदर्भ में नहीं था तथापि–औपचारिक तौर पर इस काल की अध्यापक प्रशिक्षण प्रणाली को आधारशिला के रूप में मान्यता दी जाती है।

मध्य या इस्लाम काल–

1200 ई. से लेकर 1700 ई. की 500 वर्षीय इस कालावधि को मूलतः मुस्लिमकालीन शिक्षा व्यवस्था के रूप में देखा जाता है। इस

काल में मकतब और मदरसा जैसी धार्मिक संस्थाओं के माध्यम से मौलवियों द्वारा कुरान का धर्मोपदेश जनसाधारण तक पहुँचाने का कार्य किया जाता था परन्तु औपचारिक रूप में अध्यापक शिक्षा के लिए विशेष प्रबन्ध नहीं किया गया था तथा मकतब या मुकलिस में स्थानीय अरबी तथा मदरसों के लिए उच्च शिक्षित या अरबदेशीय मौलिवयों की प्रायः नियुक्ति की जाती थी। विद्वान के रूप में स्थापित होने के लिए इस काल में अरबी, फारसी का ज्ञान आवश्यक माना जाता था। सम्भवतः इसी संदर्भ में ''पढ़े फारसी बेचे तेल'' जैसी कहावतें प्रचलन में आई।

इस प्रकार औपचारिक दृष्टि से देखा जाए तो ऐतिहासिक कालखण्ड में अध्यापक शिक्षा के लिए समुचित प्रबन्ध लगभग नगण्य ही था।

पूर्व स्वातन्त्र्यकाल–

इस काल के प्रारम्भ में अग्रशिष्य प्रणाली का व्यवहार करते हुए गुरू शिक्षा प्रदान करते थे। आगे चलकर डॉ. एण्ड्रयू बैल ने 1787 में अपनी पुस्तक ''एन एक्सपेरिमेन्ट इन एजुकेशन'' में इस प्रणाली को बेल लेंकेस्टिरियन प्रणाली के रूप में स्थापित करते हुए मद्रास में प्राथमिक स्तर पर प्रयोग हेतु संस्तुत किया। डैनिश और ब्रिटिश संयुक्त प्रयास के अन्तर्गत कैसी साहब ने अपने सहयोगी मार्शमैन तथा वार्ड के साथ 1793 में सबसे पहले बंगाल के सेरामपोर (श्रीरामपुर) नामक स्थान में एक औपचारिक अध्यापकीय-प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना की जिसे 'नार्मल स्कूल' के रूप में जाना गया। ऐसे ही कलकत्ता तथा बम्बई में भी प्रशिक्षण विद्यालय खोले गये।

1854 में वुड घोषणा पत्र के साथ ही ब्रिटिश सरकार के द्वारा अध्यापकीय प्रशिक्षण की दिशा में ठोस व सार्थक प्रयत्न प्रारम्भ हुए। लार्ड कर्जन (1902-05), कलकत्ता विश्वविद्यालय आयोग (1917-19) ने अध्यापक शिक्षा में सुधार हेतु अनेकों प्रयास किए जिससे प्रशिक्षण विद्यालयों का उत्तरोत्तर विकास हुआ।

स्वातन्त्र्योत्तर काल–

स्वतन्त्रता के पश्चात् भी गठित अनेक आयोगों व समितियों द्वारा अध्यापक शिक्षा के उन्नयन हेतु सुझाव एवं प्रयास किए गए। 1947 में केन्द्रीय शिक्षा संस्थान, दिल्ली, 1948 में विश्वभारती विश्वविद्यालय में विनय भवन की स्थापना तथा 1948 में ही गठित विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग एवं 1952 में माध्यमिक शिक्षा आयोग द्वारा शिक्षक-प्रशिक्षण के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण संस्तुतियाँ की गई। एन.सी.ई.आर.टी. का गठन 1961 में तथा इसके अधीन चार प्रादेशिक महाविद्यालयों की स्थापना 1963 में हुई ताकि अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में नवीन कार्यक्रमों का प्रारूपण हो सके।

5 अक्टूबर 1968 को यूनेस्कों की संस्तुति में यह स्पष्ट किया गया कि "अध्यापक तैयारी का यह उद्देश्य है कि प्रत्येक छात्र में उनकी सामान्य शिक्षा तथा वैयक्तिक संस्कृति को विकसित किया जा सके उनमें शिक्षण करने तथा दूसरों को शिक्षित करने की योग्यता को विकसित करना सम्भव हो सके।

एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा 1969 में व्यापक अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम तैयार किया गया, जिसमें सामान्य उद्यमगत पाठ्यक्रम, छात्र शिक्षण, कार्यानुभव तथा सत्रीय कार्य पर बल दिया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति तथा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् शिक्षा संस्थाओं के समस्त क्रियाकलापों पर नजर रखने का कार्य करता है। यू.जी.सी. के द्वारा 1990 में पाठ्यक्रम विकास के सन्दर्भ में कार्य किया गया। दूरस्थ शिक्षा माध्यम पर राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषदीय समिति का गठन 1990 में किया गया जिसने अध्यापक प्रशिक्षण पर अपने विचार प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय परामर्शदात्री समिति भी बनाई गई तथा पंचवर्षीय योजनाओं में भी अध्यापक शिक्षा में विकास के प्रति सुझाव दिए इस प्रकार अध्यापक प्रशिक्षण से सम्बन्धित समस्त क्रियाकलापों पर अनेक समितियों व संगठनों का सुझाव प्राप्त हुआ जिससे इसमें उत्तरोत्तर वृद्धि हुई।

वर्तमान सन्दर्भ में अध्यापक शिक्षा पर प्रकाश डालें तो अनेक ऐसी समस्यायें दृष्टिगोचर होती है जिनका निदान अपरिहार्य है। प्रशिक्षण संस्थाओं की संख्या में वृद्धि इनमें अव्यवस्थायें, प्रशिक्षुओं की संख्या में लगातार वृद्धि ज्ञान व मूल्य के स्तर में लगातार गिरावट अत्यन्त चिन्तनीय है। समसामयिक समस्याओं के समाधान हेतु निम्न सुझाव ध्यातव्य हैं–

* प्रशिक्षण संस्थाओं पर पूर्ण नियन्त्रण हो तथा उसका निरीक्षण हमेशा होता रहना चाहिए।
* प्रवेश परीक्षा पूर्णतः अनिवार्य हो तथा ऐसी हो कि अध्यापक बनने के इच्छुक ही प्रशिक्षण प्राप्त करें।
* पाठ्यक्रम को सामाजिक परिवर्तनानुरूप निर्धारित किया जाए तथा नवाचारों का अधिकाधिक प्रयोग कर शिक्षा का विकास किया जाए।
* शिक्षणाभ्यास में अपेक्षित सावधानी बरती जाए, पाठों की गणना न हो अपितु शिक्षण प्रक्रिया की कुशलता में विकास किया जाए।

यद्यपि अध्यापक शिक्षा का विकासशील स्वरूप हमारे सामने है तथापि इनमें व्याप्त समस्याओं का परिष्करण अत्यन्त आवश्यक है जिससे भविष्यगामी मार्ग को प्रशस्त किया जा सके तथा ज्ञान एवं मूल्यों का आधारभूत विकास कर अपने राष्ट्र को विकसित राष्ट्र का दर्जा दिलाया जा सकें।

संदर्भ

1. शिक्षण कला एवं नवीन पद्धतियाँ–डॉ.एस.एस. माथुर
2. अध्यापक शिक्षा–डॉ. जी.सी. भट्टाचार्य
3. वैदिक शिक्षा मीमांसा–डॉ. भास्कर मिश्र
4. यू.जी.सी. शिक्षाशास्त्र–डॉ. बी.एल. शर्मा और डॉ. आर.एन. सक्सेना

अध्यापक शिक्षा संस्थानों में सम्पूर्ण गुणवत्ता प्रबन्धन का उपयोग

–नितिन भाल
एम. फिल.

शिक्षा मानव विकास का मूल साधन है। इसके द्वारा मनुष्य की जन्मजात शक्तियों का विकास, उसके ज्ञान एवं कला–कौशल में वृद्धि एवं व्यवहार में परिवर्तन किया जाता है और उसे सभ्य, सुसंस्कृत एवं योग्य नागरिक बनाया जाता है। और यह कार्य मनुष्य के जन्म समय से ही प्रारम्भ हो जाता है, वैसे सीखने और सिखाने की प्रक्रिया मनुष्य के जीवन में निरन्तर चलती रहती है। परन्तु औपचारिक शिक्षा के रूप में जहाँ सिखाने की बात आती है तो वहाँ विद्यालय–महाविद्यालयों का स्मरण आता है।

शिक्षण की प्रक्रिया में मुख्य रूप से तीन कारकों को माना गया है 1. छात्र 2. शिक्षक 3. पाठ्यक्रम। इन तीनों के द्वारा ही कक्षा में अन्तःक्रिया होती है। शिक्षण प्रक्रिया में अध्यापक की बहुत महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है अध्यापक की महत्ता प्राचीन समय से ही ईश्वर से बढ़कर मानी गई है। कहा गया है–गुरुर्बह्मागुरुर्विष्णुः गुरुर्देवोमहेश्वरः। गुरुः साक्षात्परब्रह्म तस्मै श्री गुरुवे नमः।। गुरु गोविन्द दोउ, खडे, काके लॉगू पाय। बलिहारि गुरु आपने, गोविन्द दियो बताय।।

इस प्रकार इन श्लोको से प्रतीत होता है कि पौराणिक काल से ही अध्यापकों का बहुत आदर रहा है। हजारों की संख्या में अध्यापकों का अभी भी उनके छात्रों और समुदायों में सम्मान किया जाता है। परन्तु फिर भी कुछ समय से अध्यापकों की स्थिति में गिरावट आयी हुई है। इसमें कारणों का पता लगाना कठिन कार्य है। उनकी सेवा शर्तों में कमी,

शिक्षा पद्धति का असाधारण विस्तार, अध्यापक प्रशिक्षण का निम्न स्तर तथा, यह सामान्य धारणा कि अध्यापक अपने कर्त्तव्य को समुचित रूप से नहीं निभाते है आदि।

इन सभी कारणों के पीछे जो मुख्य कारण प्रतीत होता है वह कारण है **"अध्यापक शिक्षा संस्थानों में सम्पूर्ण गुणवत्ता प्रबन्धन"** की कमी। इस प्रकार इस मुख्य कारण को जानने के लिए हमें यह जानना आवश्यक कि अध्यापक शिक्षा क्या है? संस्थानों में सम्पूर्ण गुणवत्ता प्रबन्धनं क्या है?

अध्यापक शिक्षा

अध्यापक शिक्षा का प्रमुख कार्य कुशल एवं प्रभावी अध्यापक को तैयार करना है जिससे वह विद्यार्थियों को सही प्रकार का अधिगम करा सके। प्रभावी अध्यापक वह माना जाता है जो सामाजिक परिप्रेक्ष्य में शिक्षणार्थियों की प्रमुख आवश्यकताओं के अनुरूप लाभ दे तथा विद्यार्थी और ज्ञान दोनों को केन्द्र बिन्दु मानते है।

सम्पूर्ण गुणवत्ता प्रबन्धन (Total Quality Management)

सम्पूर्ण गुणवत्ता

शिक्षा के लिए अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यक्ति के सम्पूर्ण विकास अर्थात्, उसकी शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक विकास की सम्भावनाओं को ईष्टम स्तर पर विकसित करना व्यक्ति का सम्पूर्ण गुणवत्तापूर्ण विकास है। वैसे प्रबन्धन के रूप में किया जाता है।

गुणवत्ता

गुणवत्ता की बात करते है तो गुणवत्ता को बताना तो आसान है परन्तु उसको परिभाषित करना कठिन है जैसे मनुष्य की हमेशा यह आदत रही है कि वह हमेशा प्रत्येक वस्तु में, सेवा में विशिष्टता को

खोजता है और उसे देखता भी है पहचानता भी है परन्तु वह उसको परिभाषित नहीं कर सकता क्योंकि कोई वस्तु किसी व्यक्ति के लिए विशिष्ट, किसी के लिए सामान्य हो सकती है इसलिए इस गुणवत्ता या विशिष्टता को एक निश्चित परिभाषा में बाँधना मुश्किल है।

शैक्षिक प्रबन्धन

प्रबन्धन के विभिन्न दृष्टिकोणों पर आधारित अनेक अर्थो में से पाँच अर्थ मुख्य है–प्रक्रिया के अर्थ में, एक वर्ग के रूप में, अनुशासन के रूप में, आर्थिक संसाधन के रूप में एवं अधिकार और सत्ता प्रणाली के रूप में।

प्रक्रिया के अर्थ में–प्रबन्धन किसी संस्थान के सदस्यों के प्रयत्नों का नियोजन संगठन, नेतृत्व व नियंत्रण करने और उस संस्थान के समग्र संसाधनों का उपयोग करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने की प्रक्रिया है।

प्रबन्धन एक वर्ग के रूप में–कुछ प्रबंध शास्त्री-प्रबन्धन को एक वर्ग के रूप में देखते है। वे प्रबन्ध करने वाले व्यक्तियों के समूह को प्रबन्धन के रूप में देखते है। जिसमें प्रबन्धन को उस समूह वर्ग के रूप में मानते हैं जो किसी संस्थान के कार्यरत कर्मचारियों के लिए निर्णय, निर्देशन, समन्वय व मूल्यांकन आदि करता है।

प्रबन्धन एक अनुशासन के रूप में–प्रबन्धन को एक अनुशासन के रूप में भी लिया जाता है।

प्रबन्धन आर्थिक संसाधन के रूप में–इस दृष्टिकोण के अनुसार इसे आर्थिक संसाधन के रूप में (प्रबन्ध, भूमि, पूंजी आदि) भी देखा जाता है।

प्रबन्धन अधिकार व सत्ता के रूप में–निर्णय व नेतृत्व के अधिकार को सत्ता के रूप में स्वीकारा जाता है।

इस प्रकार हमारे द्वारा सम्पूर्ण गुणवत्ता प्रबन्धन के सम्प्रत्ययों को जाना गया अब हमें यह विचार करना है कि अध्यापक शिक्षा संस्थानों में सम्पूर्ण गुणवत्ता प्रबन्धन का उपयोग किस प्रकार किया जा सकता है तथा अध्यापक शिक्षा में किस प्रकार गुणवत्ता, उत्कृष्टता लाई जा सके इसको निम्नलिखित बिन्दुओं के द्वारा रेखांकित किया गया है:-

उत्पादन एवं सेवाओं में सुधार के उद्देश्य को निरन्तर कायम रख कर प्रतियोगी बने–हमारे अध्यापक शिक्षा संस्थानों को चाहिए कि ज्ञान विस्फोटक युग में अपने प्रतिमानों तथा अधिगम शैलियों को समय के अनुसार परिवर्तन करते हुए लगातार सुधार करते रहना चाहिए और समय के अनुसार अपने उत्पाद (शिक्षक) को नवीन ज्ञान प्रदान करते रहना चाहिए तथा विकास की दिशा में निरन्तर बढते रहना चाहिए।

नए दर्शन को स्वीकार करना–गुणवत्ता की यात्रा निरन्तर चलती रहती है इसे संस्था के सेवा लक्ष्य का अंग बना ले और नए दर्शन को स्वीकार करके छात्रों के सर्वांगीण विकास सम्बन्धी उपागम को अपनाएँ। इस में एक विधि का प्रयोग न करके बहुविधियों का प्रयोग करना चाहिए जिसमें सेमिनार विधि, परिचर्चा, प्रोजेक्ट आदि विधियों का उपयोग अपने संस्था के पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहिए।

गुणवत्ता प्राप्त करने के लिए सामूहिक निर्भरता समाप्त करें–संस्थाओं में गुणवत्ता प्राप्त करने के लिए सामूहिक रूप से निरीक्षण के द्वारा गुणवत्ता प्राप्ति पर निर्भर न रहे और बाहरी परीक्षण के स्थान पर गुणवत्ता आश्वासन तथा आन्तरिक मूल्यांकन कार्य-प्रणाली को अपनाएं तथा परीक्षण के लिए पुराने तरीके अर्थात् केवल लेखन परीक्षा (पेपर पेन्सिल टेस्ट) से हट कर उनका मूल्यांकन अभिव्यक्ति के आधार पर तथा सावधि कार्यो के आधार पर भी करे।

कीमतों के आधार पर व्यापारिक सौदा कम–अध्यापक शिक्षा संस्थानों में सबसे अच्छे शिक्षकों को व्यय और क्षमता के आधार पर स्वीकार करें अर्थात् अध्यापक शिक्षकों को उनकी योग्यता के आधार पर अधिक वेतन देकर रखे जिससे गुणवत्ता की अपेक्षा की जा सके और

अध्यापक NCTE के मानदण्डों पर अपनी योग्यता पूरी रखने वाला होना चाहिए जिससे वह ज्यादा से ज्यादा ज्ञान प्रदान कर गुणवत्ता को बनाये रखे।

कार्यरत स्टाफ के लिए प्रशिक्षण–शिक्षण संस्थाओं में सेवा कार्य प्रशिक्षण प्रदान करें शिक्षको के लिए संस्थानों में ही प्रशिक्षण की व्यवस्था करें अर्थात् सम्पूर्ण गुणवत्ता को बनाये रखने के लिए संस्थानों को आवश्यकता है कि वे सेमिनार, कार्यशाला, संगोष्टि आदि का कार्यक्रम करते रहें तथा विषय-विशेषज्ञों के द्वारा उनके ज्ञान का संर्वधन करें।

नवाचार के लिए प्रेरित करें–शिक्षण संस्थाओं में शिक्षको को नवाचार के लिए प्रोत्साहित करें और उन्हें भय से सुरक्षा प्रदान करके असफलता के अधिकार के प्रति आश्वस्त करें। समान रूप से सफलताओं एवं नवाचारों के प्रयोग की असफलताओं का भी सम्मान करें।

बाधा की समाप्ति–शिक्षण संस्थाओं में संरचनाओं का निर्माण करते हुए विषयों के विभाग तैयार करें और अन्तर्विषयी-कार्यदलों का गठन करके अन्तर्विभागीय गतिविधियों का आयोजन करें जैसे पार्टनरशिप-किसी भी विषय पर प्रोजेक्ट बनवाना उससे आपसी सहयोग की भावना के विकास के लिए दो या तीन अध्यापकों के कार्यदल का गठन कर गतिविधियों का आयोजन करें।

संस्था में ऐसी कार्यप्रणाली विकसित करें जिससे प्रत्येक कर्मचारी अपने विकास का पथनिर्माण करे और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की विधि का सृजन स्वयं करे अर्थात् अध्यापक और छात्र दोनों को 'सशक्त' बनाने का प्रयास संस्था के द्वारा करना चाहिए क्योंकि "ज्ञान ही शक्ति" है तथा "सम्पूर्ण ज्ञान अन्दर विद्यमान है" ज्ञान कोई बाहर की विषय वस्तु नहीं है।

- प्रत्येक शिक्षक को नवचारी परिकल्पना सेवा तथा कार्यो के लक्ष्य निर्धारण में सहभागिता प्रदान करे।

- जिस क्षेत्र में वह शिक्षक विद्वान् है उस क्षेत्र में किताब लिखे तथा U.G.C. की तरफ से अनुदान का लाभ ले।
- संस्था के प्रत्येक शिक्षक का कर्तव्य होना चाहिए कि वे अपने संस्था की कमी को पहचाने तथा उसमें सुधार का प्रयास करें तथा उन विद्वज्जनों से भी सलाह लेनी चाहिए जो इस क्षेत्र में अपना अधिकार रखते हो तथा उनके विचारों को सुधार कार्यक्रमों में शामिल करना चाहिए।
- शिक्षण संस्थाओं में उत्तरदायित्व एवं प्रशासनिक अधिकार विकेन्द्रित करें और इसके माध्यम से कर्मचारियों में नेतृत्व की स्थापना करें।

उपसंहार

उपर्युक्त बिन्दुओं के आधार पर कहा जा सकता है कि सम्पूर्ण गुणवत्ता के प्रबन्धन के लिए शिक्षण संस्थाओं में उन सभी बिन्दुओं, मानको आदि का होना नितान्त आवश्यक है जो शिक्षण संस्थाओं में रीढ़ (आधार) का कार्य करती है अतः इस गुणवत्ता को बनाये रखने से देश का भविष्य तैयार होगा तथा देश के भावी अध्यापक तैयार होंगे और महाहिम अब्दुल कलाम जी की कल्पना 2020 के संदर्भ में सार्थक सिद्ध हो सके।

भारतीय परिप्रेक्ष्य में अध्यापक शिक्षा का गुणात्मक विकास

–डॉ. दयाशंकर मिश्र
टी.जी.टी., रा. सह-शिक्षा मा. विद्यालय, नेब सराय, नई दिल्ली

किसी भी समाज, राष्ट्र और देश की प्रगति वहाँ के कुशल व योग्य अध्यापकों की गुणवत्ता पर निर्भर करती है। अध्यापन को सर्वोत्तम व्यवसाय की संज्ञा दी जाती है। अध्यापन गुणवत्ता के कारण प्राचीन भारत के गुरु विश्व में विख्यात हैं। विख्यात गुरु अनेक स्थानों में भ्रमण करते हुए शिक्षा देते थे। प्राचीन काल में गुरु महत्ता का वर्णन तैत्तिरीयोपनिषद् के 'तीर्थकाक' में वर्णित है। जिस प्रकार पानी ढाल की ओर बह जाता है उसी प्रकार विख्यात गुरु के यहाँ शिष्य दौड़कर चले जाते थे।

पाराशर माधवीय में नारद का वचन उद्धृत करते हुए कहा गया है–

पुस्तकं प्रत्ययाधीतं नाधीतं गुरुसन्निधौ।
भाजते न सभामध्ये जारगर्भ इव स्त्रियाः॥[1]

गुरु से अध्ययन न कर जो व्यक्ति पुस्तक से अध्ययन करता है वह सभा में शोभा नहीं पाता है। इस प्रकार पुस्तकों पर आश्रित रहकर प्राप्त ज्ञान को ज्ञानार्जन की संज्ञा नहीं दी गई। अपितु गुरु पर आश्रित रहकर ज्ञानार्जन की उपादेयता पर बल दिया गया। आज के सन्दर्भ में पुस्तकीय ज्ञान व सूचना को शिक्षा के पहले पायदान पर रखा गया और अध्यापक को बाद में। शेल्डन ई. डेविस के अनुसार–"किसी भी विद्यालय की महत्ता उसके शिक्षकों पर निर्भर है। संस्था व्यक्ति को गौरवान्वित नहीं करती बल्कि व्यक्ति संस्था को गौरवान्वित करता है।"

1. पाराशर माधवीय भाग 1, पृ. 164

यहाँ व्यक्ति से तात्पर्य गुरु से है। किसी स्कूल, कॉलेज व विश्वविद्यालय की शोभा उसकी गगनचुम्बी व आकर्षक इमारतों से नहीं बल्कि कुशल व योग्य अध्यापकों से होती है। यदि ऐसा होता तो आज हम नालन्दा, तक्षशिला, विक्रमशिला और प्राचीन विश्वविद्यालयों के आचार्यों का नाम नहीं लेते।

अंग्रेजी के एक कवि सर वाल्टर स्कॉट ने भी कहा है–

"Not gold but only men can make a nation great and strong"

बुद्ध, ईसा, गाँधी, सुकरात, मोहम्मद, कन्फ्यूशियस और भगवान श्रीकृष्ण ये सभी सच्चे अर्थ में मानव जाति के महान् शिक्षक थे। श्रीमद्भगवद्गीता में अर्जुन को उपदेश देने वाले श्रीकृष्ण स्वयं एक महान् अध्यापक शिक्षक थे।

इस युग के अध्यापक भी इनके पद-चिह्नों का अनुगमन करके अपने देश एवं राष्ट्र के लिए अधिक उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। भारत में ही नहीं अपितु सम्पूर्ण विश्व में शिक्षण को एक उदात्त व्यवसाय माना गया है। उत्तम शिक्षण से ही उत्तम नागरिकों का निर्माण होता है। उत्तम नागरिकों से राष्ट्र उन्नति व विकास करता है। मानव इतिहास की श्रेष्ठतम विभूतियों ने इस व्यवसाय को अपनाकर इसे गौरवान्वित किया। इस व्यवसाय से ही देश के गौरव में अभिवृद्धि हुई है। इस सम्बन्ध में श्री एम.सी. छागला ने लिखा है–"प्रशिक्षित एवं योग्य अध्यापकों की सहायता के बिना कोई भी शिक्षा-क्रम प्रगति नहीं कर सकता। योग्य अध्यापकों का देश एक उज्ज्वल भविष्य का देश है।"

इसी सन्दर्भ में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित शिक्षक संघ की कान्फ्रेन्स में कहा गया–"उत्तम अध्यापन अच्छे शिक्षकों पर अवलम्बित है। शिक्षकों की गुणात्मक उन्नति करना हमारा लक्ष्य होना चाहिए।"

स्वतन्त्र भारत में शिक्षक-शिक्षा की जो संज्ञा दी गयी है, उसे स्वतन्त्रता से पूर्व 'शिक्षक-प्रशिक्षण' कहा जाता था। शिक्षक-शिक्षण का प्रादुर्भाव प्राचीन भारत में माना जाता है। उस समय से आज तक इसका विकास निम्नलिखित चार चरणों में हुआ है–

1. छात्राध्यापक पद्धति (Pupil Teacher System)
2. शिष्यता प्रशिक्षण (System of Apprenticeship)
3. शिक्षक प्रशिक्षण (Teacher-Training)
4. शिक्षक शिक्षा (Teacher-Education)

अध्यापक शिक्षा में गुणात्मक विकास करने हेतु निम्नलिखित कार्य किये जा सकते हैं–

1. **विषय ज्ञान का पुनः स्थापन**–प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर पर प्रशिक्षण के समय छात्राध्यापकों को विषय ज्ञान कराया जाए। इस विषय में शिक्षा आयोग ने भी कहा है-प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 20% समय विषय-वस्तु के अध्यापन हेतु दिया जाना चाहिए।

   माध्यमिक स्तर पर प्रशिक्षण के समय विश्वविद्यालय के योग्य एवं अनुभवी अध्यापकों का सहयोग लिया जाए।

   आयोग के अनुसार यह अभिनव कार्यक्रम विषय से सम्बन्धित शिक्षण विधि एवं विशेष तकनीकी से युक्त होना चाहिए।

2. **शिक्षण एवं मूल्यांकन पद्धतियों में सुधार**–शिक्षण एवं मूल्यांकन पद्धति में नवीन प्रणालियों का प्रयोग किया जाए।

   व्यक्तिगत कार्य, वैयक्तिक अध्ययन, योजना-कार्य, परिचर्चा, कान्फ्रेन्स आदि को प्रशिक्षण संस्थान का अभिन्न अंग बनाया जाए। मूल्यांकन में नवीन प्रणाली से परिचित कराना व आन्तरिक प्रगति-पत्र व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्रदान की जाए। अनुभव, अध्ययन एवं परिचर्चाओं के द्वारा प्रशिक्षणार्थियों में परिपक्वता का विकास किया जाए।

